शुक्रवार
15 सितंबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं: नीतीश

2



# खुलासा... जम्मू के अनंतनाग में हुए आतंकी हमले में पाकिस्तान का हाथ

- भारत की अध्यक्षता में जी-20 की सफलता से पाकिस्तान में बौखलाहट
- पाकिस्तान की ओर से बनाई गई थी आतंकी हमले की योजना


**एजेंसी/नई दिल्ली**



कश्मीर के अनंतनाग और राजौरी में आतंकियों की घुसपैठ और हमले में पाकिस्तान का हाथ होने का खुलासा हुआ है। डिफेंस इंटेलिजेंस एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि पिछले पांच दिनों की क्रॉस बॉर्डर कॉल इंटरसेप्ट से पता चला है कि पाकिस्तान की तरफ से आतंकी एक साथ कई हमले की योजना बना रहे थे। सूत्रों ने बताया है कि भारत की अध्यक्षता में जी20 की सफलता से पाकिस्तान में बौखलाहट है। पाकिस्तान की ओर से आतंकी हमले की योजना बनाई गई थी। सूत्रों ने दावा किया है कि पाकिस्तानी आर्मी जी20 के बाद से बड़े अटैक की प्लानिंग कर रही थी।

कश्मीर में दो दिनों में दो बड़े हमले हो भी चुके हैं। कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग में बुधवार को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों संग सुरक्षाबलों की झड़प हुई। इसमें सेना के कर्नल मनप्रीत सिंह, मेजर आशीष धानौत और जम्मू कश्मीर पुलिस के डीएसपी हुमायूं भट्ट शहीद हो गए हैं, जबकि एनकाउंटर में दो आतंकियों को भी मार गिराया गया है। इसी तरह से राजौरी में भी एलईटी के दो आतंकियों को मार गिराया गया है।

## लड़ाई से अमन नहीं आता, बातचीत जरूरी: फारुख



जम्मू कश्मीर के अनंतनाग में बुधवार को हुए एनकाउंटर में तीन सुरक्षा अधिकारियों की शहादत पर नेशनल कांफ्रेंस नेता फारूक अब्दुल्ला ने बड़ी टिप्पणी की है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा है, कौन कहता है कि आतंक समाप्त हो गया है। अब ट्रेंड आतंकी आ रहे हैं। रोज हमले हो रहे हैं। अब्दुल्ला ने कहा, रोज ही हमले हो रहे हैं और रोज एनकाउंटर हो रहा है। कौन कहता है आतंकवाद खत्म हो गया, यह खत्म नहीं होगा। अनंतनाग एकाउंटर में पाकिस्तान की साजिश को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा, लड़ाई से अमन नहीं आता है। मामला हल करने के लिए बातचीत करने की जरूरत है। जो हो रहा है इससे लोगों को उल्लू बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा, हो सकता है किसी और मुल्क से आतंकी आ सकते हैं। पाकिस्तान से हमने चार जंग की। बॉर्डर आज भी वही है। इससे अमन नहीं आता है। यह बंद नहीं होगी।

# 17 से उत्तर प्रदेश में चलेगा आयुष्मान भवः अभियान

- 5 अलग-अलग हिस्सों में अभियान का होगा संचालन
- 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़े का आयोजन

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को राष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअली आयुष्मान भवः योजना को लॉन्च कर दिया। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार 17 सितंबर से इस योजना को लेकर पूरे प्रदेश में अभियान शुरू करेगी। इस अभियान को 5 हिस्सों में विभाजित किया गया है। इसके तहत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा, जबकि 17 सितंबर से आयुष्मान आपके द्वार 3.0 की भी शुरूआत होगी। इसी दिन से आयुष्मान मेला भी शुरू किया जाएगा। वहीं 2 अक्टूबर से आयुष्मान सभा होगी। इसके अलावा आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान अर्बन वार्ड भी शुरू होगा।

**सेवा पखवाड़े में चलेगा स्वच्छता अभियानः** सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। ग्राम पंचायत सदस्यों, जेएएस, आरकेएस के सहयोग से प्राथमिक, माध्यमिक और तृतीयक स्वास्थ्य देखभाल स्तरों पर सभी सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं पर इस स्वच्छता कार्यक्रम को चलाया जाएगा। इसके अलावा नियमित स्वैच्छिक रक्तदान की आवश्यकता और सामाजिक एकजुटता के अवसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का भी आयोजन होगा। इसी तरह अंगदान के महत्व के बारे में जागरूकता और लोगों को मृत्यु के बाद अंग दान करने का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### कोई भी पात्र लाभार्थी योजना से नहीं छूटेगा

यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी पात्र लाभार्थी इस योजना से न छूटे। इसके माध्यम से खुद पंजीकरण करके कार्ड निर्माण किया जा सकेगा। एफएलडब्ल्यू, उचित मूल्य की दुकानों, कार्ड निर्माण एजेंसियो, स्वयंसेवकों, सामाजिक कार्यकताओं आदि का उपयोग करके कार्ड निर्माण की कार्यवाही की जाएगी। घर-घर ई-केवाईसी और कार्ड डिलीवरी की सुविधा मिलेगी।

**शनिवार, रविवार को लगेगा हेल्थ मेला:** प्रत्येक शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर स्वास्थ्य मेला का आयोजन होगा। इसके अंतर्गत सेवाओं के उपयोग को अनुकूलित करने के लिए लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में अपने मुद्दों और चिंताओं को व्यक्त करने के लिए मंच प्रदान करना और समूह कल्याण गतिविधियों के माध्यम से लोगों के बीच व्यवहार परिवर्तन को बढ़ाना सुनिश्चित किया जाएगा। इसी तरह, प्रत्येक रविवार को मेडिकल कॉलेज द्वारा सीएचसी पर साप्ताहिक मेला आयोजित होगा।

## प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ में रैली को किया संबोधित

# सनातन को खत्म करना ही विपक्ष का एजेंडा: मोदी

- रायगढ़ में आयोजित विजय शंखनाद रैली में विपक्ष पर जमकर बरसे पीएम मोदी
- बोले... आज मैं आप सभी को हमारी आस्था, हमारे देश के खिलाफ जो साजिश हो रही है, उसके प्रति जागरूक करना चाहता हूं

**एजेंसी/रायगढ़**



छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर जोरदार प्रहार किया। उन्होंने डीएमके नेता उदयनिधि की सनातन धर्म को खत्म करने वाली टिप्पणी को लेकर भी कटाक्ष किया। पीएम मोदी ने गुरुवार को कहा कि छत्तीसगढ़ की ये भूमि भगवान श्रीराम का ननिहाल है। यहां माता कौशल्या का भव्य मंदिर है। विपक्ष को निशाने पर लेते हुए पीएम ने कहा कि आज मैं आप सभी को हमारी आस्था, हमारे देश के खिलाफ जो साजिश हो रही है, उसके प्रति जागरूक करना चाहता हूं। जिन लोगों को आप सभी ने पिछले नौ साल से केंद्र से बाहर कर रखा है, जो लोग लगातार चुनाव हार रहे हैं, वे लोग अब आपसे इतनी नफरत से भर गए हैं कि उन्होंने आपकी पहचान और आपकी संस्कृति के खिलाफ ही मोर्चा खोल दिया है।

प्रधानमंत्री ने आगे कहा कि इन लोगों ने मिलकर इंडिया गठबंधन बनाया है। कुछ लोग इसे घमंडिया गठबंधन भी कहते हैं। अब इंडिया गठबंधन ने तय किया है कि वे भारत की सनातन संस्कृति को समाप्त कर-के रहेगा यानी जो संस्कृति हजारों साल से भारत को एक किए हुए है, ये लोग सत्ता के लालच में उसे तोड़ना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति वह है जिसमें भगवान राम शबरी को मां कहकर उनके जूठे बेर खाने का आनंद लेते हैं। सनातन संस्कृति वह है जिसमें श्रीराम नाव चलाने वाले को गले लगाकर धन्य करते हैं, उनके लिए वानरों की सेना युद्ध करती है। सनातन संस्कृति वह है जो किसी व्यक्ति के किसी परिवार में जन्म को नहीं बल्कि उसके कर्मों को प्रधानता देती है। पीएम ने कहा कि मैंने आपको गारंटी दी थी कि देश के गरीब को सशक्त बनाऊंगा। सिर्फ 5 सालों में ही 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए हैं। ये इसलिए हुआ क्योंकि बीजेपी सरकार ने गरीबों के हित में योजनाएं बनाई। बीजेपी ने गरीबों को गरीबी से लड़ने के साधन दिए।

### 6350 करोड़ रु. की रेल परियोजना की दी सौगात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रायगढ़ जिले में गुरुवार को लगभग 6350 करोड़ रुपये की विभिन्न रेल परियोजनाओं राष्ट्र को समर्पित किया। इन परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ पूर्व रेल परियोजना चरण-एक, चांपा से जमगा के बीच तीसरी रेल लाइन, पेंड्रा रोड से अनूपपुर के बीच तीसरी रेल लाइन और तलाईपल्ली कोयला खदान को एनटीपीसी लारा सुपर थर्मल पावर स्टेशन (एसटीपीएस) से जोड़ने वाली एमजीआर (मेरी-गो-राउंड) प्रणाली शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि रेल परियोजनाएं क्षेत्र में यात्रियों की आवाजाही के साथ-साथ माल ढुलाई को सुविधाजनक बनाकर सामाजिक-आर्थिक विकास को गति देंगी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ पूर्व रेल परियोजना चरण-1 के तहत खरसिया से धरमजयगढ़ तक 124.8 किलोमीटर की रेल लाइन शामिल है, जिसमें गारे-पेलमा के लिए एक छोटी लाइन और छाल, बरौद, दुगार्पुर और अन्य कोयला खदानें को जोड़ने वाली तीन फीडर लाइन शामिल हैं।

**इन क्षेत्रों में पहुंचाया जाएगा कोयला:** अधिकारियों ने बताया कि लगभग 3,055 करोड़ रुपये की लागत से बनी यह रेल लाइन विद्युतीकृत ब्रॉड गेज लेवल क्रॉसिंग और यात्री सुविधाओं के साथ फ्री पार्ट डबल लाइन जैसी व्यवस्था से लैस है। यह छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में स्थित मांड-रायगढ़ कोयला क्षेत्रों से कोयला ढुलाई को आसान बनाएगी।

# गांडीव-5 कार्यक्रम में सीएम योगी ने एनएसजी के सर्जिकल ऑपरेशंस की तैयारियों को परखा

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को पुलिस मुख्यालय में एनएसजी और यूपी पुलिस के संयुक्त अभ्यास गांडीव-5 कार्यक्रम का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने एनएसजी द्वारा वार्षिक अभ्यास के पांचवें संस्करण में विभिन्न सर्जिकल ऑपरेशन की तैयारियों को भी परखा। गांडीव-5 अभ्यास कार्यक्रम का उद्देश्य आतंकवादी हमले, किसी विमान के अपहरण या बंधक स्थिति में कमांडो बल के योजना मापदंडों को वैलिडेट करना है। गौरतलब है कि लॉ एंड ऑर्डर की दिशा में उल्लेखनीय काम करने वाली योगी सरकार प्रदेश में आतंकी घटनाओं को लेकर भी सजग है। इस तरह की घटनाओं को रोकने और उनसे निपटने के लिए समय-समय पर सीएम योगी के निर्देश पर सुरक्षाबल मॉक ड्रिल करते रहे हैं। इसी क्रम में गुरुवार को भी यूपी पुलिस और एनएसजी की टीम ने इस तरह की घटनाओं पर अपनी तैयारियों को और पुख्ता करने के लिए संयुक्त अभ्यास 'गांडीव-5' को अंजाम दिया। अभ्यास के दौरान जहां पुलिस मुख्यालय में मुख्यमंत्री ने तैयारियों को परखा वहीं लोकभवन में राज्य प्रशासन, यूपी पुलिस की विभिन्न इकाइयों और एनएसजी द्वारा संयुक्त रूप से काउंटर टेरर की मॉक ड्रिल्स की गई।

## मुंबई एयरपोर्ट पर चार्टर्ड प्लेन क्रैश होकर दो टुकड़ों में बंटा

**मुंबई।** मुंबई एयरपोर्ट पर गुरुवार को बड़ा हादसा हो गया। एयरपोर्ट पर लैंडिंग करते हुए एक चार्टर्ड प्लेन क्रैश कर गया। चार्टर्ड प्लेन क्रैश होकर दो टुकड़ों में बंट गया। इसके बाद उसमें आग लग गई। प्लेन में 8 लोग सवार थे। इसमें छह पैसेंजर्स और दो क्रू मेंबर सवार थे। हादसा के बाद सभी लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चार्टर्ड प्लेन, विशाखापट्टनम से मुंबई के लिए उड़ान भरा था।

डीजीसीए ने घटना की पुष्टि की है। डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन ने बताया कि वीएसआर वेंचर्स लियरजेट 45 एयरक्राफ्ट का मुंबई एयरपोर्ट पर लैंडिंग के दौरान रनवे 27 पर फिसल गया। एयरक्राफ्ट क्रैश होने के बाद उसमें आग लग गई। रेस्क्यू टीम्स और फायर ब्रिगेड तत्काल मौके पर भेजा गया। चार्टर्ड प्लेन के भीतर सवार पैसेंजर्स को बाहर निकाला गया। प्लेन की आग बुझाई गई। डीजीसीए ने बताया कि मुंबई में भारी बारिश की वजह से विजिबिलिटी केवल 700 मीटर रह गई है। विजिबिलिटी कम होने की वजह से यह हादसा हुआ।

## नए सिरे से श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के शुभारंभ के बाद लगातार बढ़ रही भक्तों की संख्या

# 22 महीनों में 11.72 करोड़ भक्तों ने किए बाबा के दर्शन

**केटी न्यूज ब्यूरो/वाराणसी**



श्री काशी विश्वनाथ धाम के नए अवतरण में आने के बाद धाम में श्रद्धालुओं की संख्या नित नया कीर्तिमान बना रही है। श्री काशी विश्वनाथ धाम के लोकार्पण के बाद लगभग 22 महीनों में 11 करोड़ 72 लाख से ज्यादा भोले के भक्तों ने अब तक बाबा का दर्शन किये हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद बाबा के दरबार में सौ बार से अधिक हाजिरी लगा चुके हैं और भक्तों को सुविधाएं दिए जाने के लिए खाका खींचते रहे हैं। प्रधानमंत्री के ड्रीम प्रोजेक्ट श्री काशी विश्वनाथ धाम को धरातल पर उतारते हुए योगी सरकार ने विस्तारित धाम में भक्तों के हर छोटी-बड़ी जरूरतों का ध्यान रखा है, जिससे भक्तों को असुविधा न होने पाए। यही कारण है जिससे श्री काशी विश्वनाथ धाम में आस्था का जनसैलाब उमड़ रहा है। लोकार्पण के बाद हर महीने कम से कम 31 लाख से अधिक और अधिकतम 95 लाख से अधिक शिव भक्त देवो के देव महादेव के दरबार में शीश नवा रहे हैं।

**भक्तों के मंदिर तक पहुंचने की राह हुई आसानः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों श्रीकाशी विश्वनाथ धाम का लोकार्पण होने के बाद से रोजाना धाम में लाखों श्रद्धालु बाबा के दर्शन के लिए आ रहे हैं। श्री काशी विश्वनाथ धाम के मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार वर्मा ने बताया कि श्री काशी विश्वनाथ धाम लोकार्पण 13 दिसंबर 2021 को हुआ था। तब से अब तक 11 करोड़ 72 लाख 71 हजार सात सौ उन्नचास श्रद्धालुओ ने दर्शन किया है। मुख्यकार्यपालक अधिकारी ने बताया कि गर्मी, ठण्ड और बरसात में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो इसके लिए बेहतर से बेहतर इंतजाम किये जा रहे हैं। तेज धूप से बचाने के लिए जर्मन हैंगर, पैर न जले इसके लिए मैट, कूलर, पीने का पानी, सावन में दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क व्हीलचेयर, सभी के लिए चिकित्सा आदि व्यवस्था ने शिव भक्तों की मंदिर तक पहुंचने की राह आसान कर दी है।

**धाम में मिल रही हैं तमाम सुविधाएं:** धाम में समय के साथ से सुविधाएं भी जुड़ती जा रही हैं। यहां दुकानों पर पीतल की मूर्तियां, कलाकृतियां, पूजन सामग्री, प्रसाद, मंदिर और बाबा की तस्वीरें, बनारसी सिल्क की साड़ियां व कपड़ों समेत अन्य सामान उपलब्ध हैं। धाम परिसर में फूड कोर्ट, रेस्टोरेंट भी हैं जहां उचित दर पर बिना प्याज और लेहसून का शुद्ध शाकाहारी भोजन और व्रत की थाली भी उपलब्ध है। अन्न क्षेत्र में निःशुल्क भोजन की व्यवस्था भी है। धाम परिसर में ही रुकने के लिए होटल और काशी दर्शन के लिए टूर पैकेज उपलब्ध हैं। मोक्ष की राह देख रहे वृद्धों के लिए निःशुल्क मुमुक्षु भवन की भी व्यवस्था की गई है।




# मुजफ्फरपुर में छात्रों से भरी नाव डूबी, 12 बच्चे लापता



- बागमती नदी में हुआ हादसा
- एसडीआरएफ की टीम ने 20 बच्चों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला
- मुख्यमंत्री ने घटना की जांच का दिया आदेश

**केटी न्यूज/मुजफ्फरपुर**

मुजफ्फरपुर में बड़ा नाव हादसा हुआ है। बागमती नदी में छात्रों से भरी नाव डूब गई। इसमें करीब 32 छात्र सवार थे। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और एसडीआरएफ की टीम पहुंची। टीम ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से 20 बच्चों को रेस्क्यू कर बाहर निकाल लिया। 12 बच्चों के गायब होने की बात आ रही है और इनकी तलाश जारी है। घटना गायघाट थाना के बेनीबाद ओपी के बागमती नदी पर बने मधुरपट्टी घाट के पास की है।

**सीएम नीतीश ने दिया जांच का निर्देशः** इधर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि डीएम को इस मामले को देखने स्तर से जांच करने के लिए कहा गया है। पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा सरकार की ओर से दिया जाएगा। वहीं मामले में डीएसपी पूर्वी शहरयार ने बताया कि घटना की जांच की जा रही है। लोगो से भी घटना की जानकारी ली जा रही है। कितने बच्चे और लोग नाव पर सवार थे, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। रस्सी के सहारे नाव पार कर रही थी। वह रस्सी अचानक से टूट गई थी, जिससे हादसा हो गया है। स्थानीय लोग से भी जानकारी ली जा रही है। कितने बच्चे थे और अन्य लोग नाव पर सवार थे, यह पता लगाया जा रहा है।

## नाव में बैठकर स्कूल जा रहे थे सभी बच्चे

बताया जा रहा है कि गुरुवार की सुबह नाव पर सवार होकर करीब 32 बच्चे गायघाट प्रखंड के बलौर हाई स्कूल जा रहे थे। नाव पर कुछ बच्चे और महिलाएं भी थीं। कुछ पुरुष भी थे। रस्सी के सहारे नदी से नाव पार करती है। इसी दौरान बेनीबाद ओपी स्थित मधुरपट्टी घाट के पास रस्सी टूट गई और बच्चों से भरी नाव अनियंत्रित होकर बागमती नदी में डूब गई। इस घटना के बाद नाव सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई। नाव पर सवार 20 से अधिक बच्चों को सकुशल नदी से बाहर निकाल लिया गया है जबकि करीब 12 लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं।

## लापता सभी गायघाट प्रखंड के रहने वाले

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे बेनीबाद ओपी प्रभारी अभिषेक कुमार खुद मामले की छानबीन में जुट गये हैं। इधर, जो 12 बच्चे लापता हैं, उनकी सूची जारी की गई है। लापता हुए सभी गायघाट प्रखंड के मधुरपट्टी गांव के रहने वाले थे। इनमें से अधिकांश बच्चे 9वीं और 10वीं के छात्र हैं।

### सीएम ने मुजफ्फरपुर के होमी भाभा कैंसर अस्पताल में बुद्धा ऑपरेशन थियेटर कॉम्प्लेक्स का किया उद्घाटन

# इलाज के लिए बाहर जाने की जरूरत नहीं: नीतीश

- मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नर्सिंग छात्रावास का किया शिलान्यास
- मुख्यमंत्री ने अस्पताल में इलाजरत सुनीता देवी को बेहतर इलाज के लिए राहत कोष से 5 लाख रुपये की सहायता राशि दी





**केटी न्यूज/पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच परिसर स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र में बुद्धा ऑपरेशन थियेटर कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू आदि का निरीक्षण किया और मरीजों को दी जानेवाली स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर चिकित्सकों, अस्पतालकर्मियों और भर्ती मरीजों को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो, इसका विशेष ख्याल रखें।

उन्होंने कहा कि लोगों को चिकित्सा के लिए अब मजबूरी में बिहार से बाहर जाने की जरूरत नहीं है इसको ध्यान में रखते हुए पूरे बिहार में इस दिशा में तेजी से काम हो रहा है। यहां पर किसी प्रकार की समस्या हो तो उसका तेजी से निराकरण करें। यहां बहुत अच्छा काम हुआ है। मुख्यमंत्री ने अस्पताल में इलाजरत सुनीता देवी को बेहतर इलाज के लिए मुख्यमंत्री चिकित्सा राहत कोष से 5 लाख रुपये की सहायता राशि दी ।

मुख्यमंत्री ने होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र मुजफ्फरपुर में नर्सिंग छात्रावास के शिलापट्ट अनावरण कर शिलान्यास किया एवं रिमोट के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां पर भर्ती मरीजों को हर प्रकार की सुविधा मिले, चिकित्सकों एवं अस्पतालकर्मियों के आवासन की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो, इसके लिए राज्य सरकार हर संभव मदद करने के लिए तैयार है।

निरीक्षण के क्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने निमार्णाधीन एपिडिमियोलॉजी यूनिट की उपयोगिता एवं यहां मरीजों को दी जानेवाली स्वास्थ्य संबंधी सुविधा के बारे में मुख्यमंत्री को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कैंसर एपिडिमियोलॉजी यूनिट को बंकरनुमा बनाया जा रहा है जिसकी दीवारें काफी मोटी हैं ताकि कैंसर पीड़ित मरीजों को दी जानेवाली थेरेपी का दुष्प्रभाव बाहर न पड़े। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण कराएं। आज नर्सिंग छात्रावास का भी शिलान्यास किया गया है, उसका भी निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराएं ताकि वह जल्द-से-जल्द बनकर तैयार हो जाए।

**2500 बेड का अस्पताल होगा एसकेएमसीएचः** मुख्यमंत्री ने कहा कि एसकेएमसीएच को अपग्रेड करने का निर्देश दिया गया है। यह अब 2500 बेड का अस्पताल होगा. उन्होंने कहा कि कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र भी अच्छा काम कर रहा है। गरीब-गुरबा को किसी तरह की कोई परेशानी नहीं हो, इसका हम लोग ख्याल रख रहे हैं। मेडिकल कॉलेज का भी विस्तार किया जायेगा। अस्पताल में मरीजों के लिए जो भी काम हो रहा है, उसे प्रसारित किये जाने की जरूरत है, जिससे आम लोगों को मुजफ्फरपुर में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी मिल सके।

**नौ लाख लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग करायी गयीः** अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने मुख्यमंत्री को बताया कि होमी भाभा कैंसर अस्पताल द्वारा राज्य के सभी 38 जिलों में नौ लाख लोगों की कैंसर स्क्रीनिंग करायी गयी है। बिहार में विभिन्न जगहों पर कैंसर पीड़ित मरीजों को इलाज की सुविधा दी जा रही है। कहीं भी कैंसर पीड़ित मरीजों को दो घंटे की दूरी के अंदर इलाज शुरू करने की सुविधा मुहैया कराई जा रही है, ताकि ससमय उनका इलाज शुरू हो सके। सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर कैंसर के प्रति अवेयरनेस प्रोग्राम चलाया जा रहा है। मुजफ्फरपुर के 50 किमी के एरिया में रहनेवाले एडवांस कैंसर से पीड़ित मरीजों के घर पर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।

# फतुहा में अपराधियों ने युवक को पीठ में मारी गोली, घायल

**केटी न्यूज/पटना**

पटना के फतुहा में अपराधियों ने एक युवक को गोली मार दी। युवक को गंभीर हालत में पटना के पीएमसीएच रेफर कर दिया है। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरातफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने के बाद स्थानीय थाना के पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई है।

घायल युवक की पहचान पटना खुसरूपुर के बीकापुर का निवासी निरंजन कुमार (20) के रूप में की गई। बताया जाता है कि वह गुरुवार की सुबह वह स्टेशन रोड के ज्ञानदीप स्कूल के नजदीक वाई-फाई लगाने का काम कर रहा है। इसी क्रम में मोटरसाइकिल से आए अपराधियों ने निरंजन कुमार पर गोली चला दी। बताया जा रहा है कि गोली निरंजन कुमार के बांह को छूते हुए पीठ में लग गई। गोली लगते ही निरंजन कुमार वहीं गिरकर छटपटाना लगा। अपराधी से हथियार लहराते हुए फरार हो गए।

# नवादा में पुलिस टीम पर हमला, दो अधिकारी समेत तीन घायल

**केटी न्यूज/पटना**



अवैध तरीके से जारी बालू खनन को रोकने गई खनन विभाग की टीम पर गुरुवार की सुबह हमला हो गया। बालू माफिया की ओर से किए गए हमले में दो अधिकारी जख्मी हुए हैं जबकि एक जवान की हालत गंभीर है। वहीं हमले में खनन विभाग की गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। हमलावर पकड़े गए दो ट्रैक्टर को भी पुलिस से छुड़ाकर लेकर चले गए. किसी तरह पुलिस जान बचाकर भागी।

घायलों में माइनिंग इंस्पेक्टर अनु कुमार, अपूर्व सिंह और सैप जवान परमानंद सिंह शामिल हैं। परमानंद सिंह के सिर में काफी चोट लगी है। इस पूरे मामले में माइनिंग इंस्पेक्टर अनु कुमार ने बताया कि अवैध तरीके से हो रहे बालू के खनन की सूचना पर दो गाड़ी से टीम कादिरगंज थाना क्षेत्र के बैरमी गांव पहुंची थी। छापेमारी के दौरान कुछ लोगों ने पुलिस पर हमला कर दिया। तीन लोग जख्मी हुए हैं। घटना को लेकर माइनिंग इंस्पेक्टर अनु कुमार ने बताया कि 30 से 40 की संख्या में रहे बालू माफिया ने हमला किया है। ईंट-पत्थर से हम लोगों पर हमला किया गया। इस घटना में खनन विभाग की स्कॉर्पियो गाड़ी भी क्षतिग्रस्त हो गई। आगे की कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि बालू माफिया पर लगातार कार्रवाई हो रही लेकिन अवैध रूप से हर दिन खनन जारी है। गुरुवार को छापेमारी के दौरान बालू के अवैध धंधे से जुड़े लोगों ने पुलिस को टारगेट करते हुए हमला कर दिया। यह घटना मिल्की बालू घाट के पास की है। नवादा में एक साल से बालू उठाव का कार्य बंद है, लेकिन माफिया बड़े पैमाने पर अवैध रूप से बालों की उठाव कर रहे हैं। इसी सूचना पर गुरुवार की सुबह खनन विभाग की टीम छापेमारी करने पहुंची थी।



## सोवां धरौली पथ पर दो की संख्या में बाइक सवार अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

# सोवां में सीएसपी संचालक से 2.5 लाख रु. की लूट विरोध करने पर एक युवक की गोली मारकर हत्या

- गोलीबारी में सीएसपी संचालक भी जख्मी, अस्पताल में चल रहा इलाज
- मृतक सोनू यादव सोवां के संजू यादव का इकलौता बेटा था, जख्मी सीएसपी संचालक धरौली गांव का रहनेवाला है



**केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म**

गुरूवार की शाम सोवां गांव के बाहर एक अपाचे बाइक पर सवार दो की संख्या में लुटेरों ने सीएसपी संचालक से 2.5 लाख की लूट कर ली है। वहीं विरोध करने पर लुटेरों एक युवक की गोली मार हत्या कर दी। वहीं उनकी गोलीबारी में सीएसपी संचालक भी जख्मी हुआ है। उसे पैर में गोली लगी है तथा रघुनाथपुर सीएचसी में उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कृष्णाब्रह्म पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच तथा आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गई है। मृतक सोनू यादव उम्र 18 वर्ष सोवां के संजू यादव का इकलौता पुत्र था। जबकि जख्मी सीएसपी संचालक की पहचान धरौली के मनोज यादव के रूप में की गई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरौली गांव का मनोज यादव सोवां में बैंक ऑफ इंडिया के सीएसपी का संचालन करता है। गुरूवार की शाम वह अपना सीएसपी बंद कर सोवां गांव से पूरब धरौली जाने वाले कच्चे रास्ते के सहारे अपने बाइक से गांव जा रहा था। जैसे ही वह सोवां गांव से बाहर आया कि एक अपाचे बाइक से उसे ओवरटेक करते दो लूटेरों ने गन प्वाइंट पर उसकी बाइक रूकवा लूटपाट करने लगे तथा उससे रूपयों से भरा बैग छिन लिए। सीएसपी संचालक ने उनकी हरकतों को विरोध किया तथा हो हल्ला किया। इस दौरान शाम में टहलने निकले सोवां के युवको ने लूटेरों को घेर लिया। खुद को घिरता देख एक लूटेरे ने फायरिंग शुरू कर दी। एक गोली सीएसपी संचालक के पैर में लगी जबकि दूसरी गोली सोनू के मुंह में। जानकारों की मानें तो सोनू एक लुटेरे को दबोच चुका था। इसी से खार खाए उसके दूसरे साथी ने उसके मुंह में पिस्टल सटा फायर कर दिया। मुंह में गोली लगते ही वह लहुलुहान को गिर पड़ा। इसके बाद सभी युवक पीछे हट गए जबकि हत्यारे लूट का पैसा लेकर बेलहरी की तरफ भाग निकले। आनन फानन में मनोज को इलाज के लिए परिजन तथा पुलिस लेकर बक्सर जा रहे थे। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया है। जवान बेटे की मौत से पूरे परिवार का रो रोकर बुरा हाल है।

### इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी में जुटी पुलिस

इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस इलाके की घेराबंदी कर छापेमारी अभियान चला रही है। लेकिन हत्यारे पहले ही भाग निकले है। पुलिस तकनीकी साधनों तथा मुखबिरों के सहारे उनके पहचान का प्रयास कर रही है। हालांकि समाचार लिखे जाने तक इस मामले में पुलिस को सफलता हाथ नहीं लगी है। पुलिस अभी अंधेरे में ही तीर चला रही है।

**इंटरमीडिएट का छात्र था मृतक:** मृतक सोनू कुमार यादव अपने माता पिता का इकलौता पुत्र था। हालांकि उसकी तीन बहने है तथा पिता गांव में किराना दुकान का चलाते है। जबकि वह इंटरमीडिएट का छात्र था। जानकारी के अनुसार वह शाम में अपने दोस्तों के साथ टहलने निकला था। इसी दौरान लूटेरों ने सीएसपी संचालक से लूट पाट शुरू कर दिया। जिसे देख सभी युवक सीएसपी संचालक को बचाने तथा लूटेरो को पकड़ने के लिए आगे बढ़े। इसी दौरान खुद को घिरता देख लूटेरों ने उसकी गोली मार हत्या कर दी। घर का इकलौता चिराग बुझने से पिता को मानो काठ मार गया है। यही हाल मां तथा बहनों का भी था।

**क्या कहते हैं थानाध्यक्ष:** सीएसपी संचालक से लूट के दौरान लूटेरों द्वारा फायरिंग की गई है। जिसमें सोवां के एक युवक की गोली लगने से मौत हुई है जबकि सीएसपी संचालक के पैर में गोली लगी है। सीएसपी संचालक के बयान आने के बाद ही इस बात का पता चलेगा कि कितने की लूट हुई है। इस घटना में शामिल हत्यारों की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है। जल्दी ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## बड़का सिंहनपुरा में नगरपुरा के किसान को कुदाल से मार डाला



- आरोपी गिरफ्तार, जमीन विवाद से जुड़े हैं हत्याकांड के तार
- मृतक को लहुलुहान करने के बाद खुद आरोपी ने फोन कर पुलिस को बुलाया

**केटी न्यूज/सिमरी**

पुलिस प्रशासन के लाख प्रयास के बावजूद जमीन विवाद के मामले कम होने का नाम नहीं ले रहे हैं। इसी विवाद में गुरूवार को एक 55 वर्षीय किसान की हत्या कर दी गई है। हत्या करने वाले मुन्ना ओझा ने ही खुद पुलिस को फोन कर इसकी जानकारी दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। मृतक हरेराम चौधरी 55 वर्ष सिमरी थाना क्षेत्र के नगरपुरा गांव का रहने वाला है। वह गुरूवार को अपने गांव से गेहूं पिसवाने बड़का सिंहनपुरा गया था। संयोग से आटा मिल पर उसे उसी गांव के बच्चा ओझा मिल गए। उन्होंने हरेराम से अपने घर आटा पहुंचाने को कहा। हरेराम उनके खेत की देखभाल करता है तथा कुछ दिनों पहले बच्चा ओझा के खेत का कुछ हिस्सा खरीदा भी था। जिससे बच्चा ओझा का भतीजा मुन्ना ओझा दोनों से नाराज चल रहा था। जबकि बच्चा व मुन्ना दोनों एक ही आंगन में रहते थे। गुरूवार को बच्चा के कहने पर वह जैसे ही उनके घर आटा देने पहुंचा कि घर में मौजूद मुन्ना ओझा उसे देखते ही आग बबूला हो गया तथा कुदाल व रामा से उस पर हमला कर दिया तथा देखते ही देखते उसे लहुलुहान कर दिया। कुदाल के वार से हरेराम के सर तथा शरीर के अन्य हिस्सों की खून के फब्बारे निकलने लगे थे तथा वह आंगन में ही निढाल हो गिर पड़ा। इसके बाद मुन्ना ने सिमरी पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची सिमरी पुलिस ने मुन्ना को हिरासत में लेकर जख्मी को इलाज के लिए लेकर अनुमंडलीय अस्पताल पहुंची। लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इसके बाद पुलिस ने आरोपी मुन्ना को गिरफ्तार कर लिया।

**मृतक पर चोरी का आरोप लगा रहा था आरोपी:** हरेराम की हत्या के आरोपी मुन्ना ओझा ने उसपर जानलेवा हमला करने के बाद बड़े ही शातिराना अंदाज में पुलिस को फोन कर बताया कि उसके घर एक व्यक्ति चोरी की नीयत से आया था। जिसे मैंने मार कर जख्मी कर दिया है। पुलिस मौके पर पहुंची तथा हरेराम को खून से लथपथ देख माजरा समझ में आया। वहीं बच्चा ओझा ने भी पुलिस को सच्चाई से रूबरू कराया और बताया कि यह चोर नहीं है बल्कि मेरे खेत की जुताई बुआई करता है तथा मैं ही इसे अपने घर आटा पहुंचाने भेजा था।

## डेंगू से बचाव के लिए नगर परिषद ने चलाया अभियान

**केटी न्यूज/बक्सर**



राज्य में बढते हुए डेंगू मरीजों की संख्या को देखते हुए बक्सर नगर परिषद ने लोगों को डेंगू एवं चिकनगुनिया बीमारी से बचाव को लेकर जन जागरूकता अभियान शुरू किया है। नगर के सभी वार्डों में डोर टू डोर अभियान चलाकर लोगों को नप ईओ के साथ ही कर्मी लोगों को जागरूक कर रहे है। इस क्रम में गुरूवार को डेंगू एवं चिकनगुनिया को लेकर जागरूकता अभियान वार्ड 34 में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी एवं सभापति प्रतिनिधि के नेतृत्व में चालया गया।

इस दौरान नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम एवं सभापति प्रतिनिधि नेयमतुल्ला फरीदी ने सिंडिकेट नहर के पास स्थित सिलकुटवा बस्ती में भी लोगों को डेंगू एवं चिकनगुनिया बीमारी के बारे में जानकारी दी तथा उन्हें साफ सफाई से रहने की नसीहत दी। वहीं उक्त बस्ती में डोर-टू-डोर पहुंच कर लोगो को डेंगू, चिकनगुनिया बीमारी के फैलने के कारणों के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें बीमारियों से बचाव हेतु क्या करे क्या न करे से अवगत कराया गया। इसके साथ ही वहां रह रहे लोगों की समस्याओं को सुन उसके समाधान का आश्वासन दिया गया। उक्त बस्ती में रह रहे लोगो के द्वारा अगल-बगल में लगे सरकारी चापाकल जो दो-तिन दिन पहले खराब हुआ है कि मरम्मती कराने हेतु कहा गया। जिसपर कार्फायपालक पदाधिकारी द्वारा नगर प्रबंधक को मरम्मती करने हेतु आवश्यक कार्रवाई हेतु निदेशित किया गया। इसके साथ ही इन बीमारियों से बचाव को लेकर भी जागरूक किया गया। वहीं उन्हें बताया गया कि सोने के समय मच्छरदानी का व्यवहार आवश्यक रूप से करें। इस संबंध में नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी प्रेम स्वरूपम ने बताया कि डेंगू एवं चिकनगुनिया से नगर वासियों को बचाव के लिए नगर में अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सभी स्वच्छता सुपरवाइजर डोर टू डोर लोगों को डेंगू एवं चिकनगुनिया से बचाव के प्रति जागरूक कर रहे हैं। इस मौके पर सभापति प्रतिनिधि नेयमतुल्ला फरीदी, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रमेश गुप्ता, नगर प्रबंधक, प्रधान सहायक यशवंत सिंह, सीएमएम नवीन कुमार पाण्डेय, विजय चौरसिया समेत अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित रहे।

## डुमरांव में जल्द दूर होगी बिजली आपूर्ति की समस्या शुरू हुआ एडीशनल ट्रांसफार्मर लगाने का काम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

शहर में बिजली आपूर्ति की समस्या अब जल्दी ही दूर होने वाली है। आपूर्ति सुधारने तथा ओवर लोड से कराह रहे ट्रांसफार्मरों से लोड कम करने के लिए बिजली कंपनी के कवायदें शुरू कर दी है। इसके तहत शहर में एडीशनल ट्रांसफार्मर लगाने के लिए पोल गाड़ा जाने लगा है। यह काम एनसीसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत शहर के कुल 23 जगहों पर एडीशनल ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इन ट्रांसफार्मरों से आपूर्ति देने के लिए नये तार भी टांगे जाएंगे।

मिली जानकारी के अनुसार शहर के टेक्सटाईल कॉलोनी में टिकट काउंटर के पास, बड़ा बाग, रेलवे स्टेशन के पास स्थित महाराजा पेट्रोल पंप, निमेज टोला सहित कुल 23 जगहों पर यह ट्रांसफार्मर इस महीने के अंत तक लगा दिए जाएंगे। इन ट्रांसफार्मरों के लगने के बाद शहर की बिजली आपूर्ति दुरूस्त हो जाएगी। बता दें कि अबतक शहर के आधे से अधिक ट्रांसफार्मर ओवर लोड के शिकार है। जिस कारण बिजली आपूर्ति बाधित होते रहती है। लेकिन नये ट्रांसफार्मर लगने के बाद यह समस्या दूर हो जाएगी।

**क्या कहते हैं एसडीओ:** शहर के कुल 23 स्पाट एडीशनल ट्रांसफार्मर के लिए चयनित किए गए है। पहले फेज में ट्रांसफार्मरों का बेस बनाया जा रहा है। चयनित जगहों पर पोल गाड़ने का काम शुरू हो गया है। जल्दी ही ट्रांसफार्मर भी लगा दिए जाएंगे। **राकेश दूबे, सहायक विद्युत अभियंता, डुमरांव**

### विद्युत विपत्र जमा नहीं करने वाले बकायेदारों का कटेगा कनेक्शन

**डुमरांव।** विद्युत विपत्र बकाया रखने वाले बकायेदारों के खिलाफ बिजली कंपनी सख्त हो गई है। ऐसे बकायेदारों को चिन्हित किया जा रहा जो लंबे समय से अपने विपत्र का भुगतान नहीं किए हैं। निर्धारित समय के अंदर विपत्र जमा नहीं करने पर उनका कनेक्शन काटा जाएगा।

### अज्ञात चोरों ने किया किसान के घर चोरी

**नावानगर।** स्थानीय थाना के भटौली गांव के किसान भोला सिंह के घर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए के सामान पर हाथ साफ किया है। जिसमें गहने नगदी, कपड़ा, मोबाइल शामिल हैं।

### नया भोजपुर ओपी क्षेत्र से एक ही दिन गायब हुई युवती व किशोरी

**डुमरांव।** नया भोजपुर ओपी थाना क्षेत्र के दो अलग अलग गांवों से बुधवार की शाम एक युवती व एक किशोरी के गायब होने का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में किशोरी की मां तथा युवती के पिता ने स्थानीय थाने में दोनों के गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार युवती तथा किशोरी दोनों अपने अपने घरों से बाजार से सामान खरीदने का बहना कर बुधवार की शाम निकली थी। लेकिन लौट कर नहीं आई। जिसके बाद दोनों के परिजनों द्वारा उनकी खोजबीन की गई। लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो परिजनों द्वारा नया भोजपुर ओपी थाने में अलग अलग प्राथमिकी दर्ज कराई गई। ओपी प्रभारी सुबोध कुमार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

## हिंदी दिवस पर बक्सर व डुमरांव में आयोजित हुआ समारोह

# हिंदी का अधिक से अधिक उपयोग करें: डीडीसी





**केटी न्यूज/बक्सर**

गुरूवार को हिंदी दिवस के अवसर पर बक्सर तथा डुमरांव में हिंदी दिवस मनाया गया। इस दौरान बक्सर समाहरणालय परिसर में डीडीसी डा महेंद्र पाल की अध्यक्षता में हिंदी दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में वक्ताओं ने हिंदी दिवस पर अपने अपने विचारों को रखा। उप विकास आयुक्त ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम जिलावासियों एवं सभागार में उपस्थित सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को हिंदी दिवस की बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि हिंदी संवैधानिक रूप से भारत की राजभाषा के साथ-साथ भारत में सबसे अधिक बोली या समझी जाने वाली भाषा है। हम सभी को अपने दैनिक उपयोग में हिंदी भाषा का अधिक से अधिक उपयोग करना चाहिए। कार्यक्रम में जिला स्तरीय पदाधिकारी के साथ समाहरणालय के विभिन्न विभागों के कर्मी उपस्थित थे।

वहीं दूसरी तरफ डुमरांव अनुमंडल कार्यालय स्थित सभागार में एसडीओ कुमार पंकज के अध्यक्षता में हिंदी दिवस मनाया गया। इस दौरान एसडीओ ने उपस्थित लोगों को हिंदी के महत्व के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हिंदी हम सबकी राजभाषा है तथा देश में यह सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है। उन्होंने हिंदी को आत्मसात करने तथा कार्यालय के कार्यों में हिंदी को प्राथमिकता देने को कहा। मौके पर अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## एक नजर

### छात्र-शिक्षकों को प्रो. एसके मिश्रा के आचरण को आत्मसात करने की जरूरत: प्रो.सुरेन्द्र सिंह



**बक्सर।** प्रो. एसके मिश्रा फाउंडेशन के तत्वावधान में गुरुवार को बक्सर स्थित एक निजी सभागार में प्रो. एसके मिश्रा की 29वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता करते हुए प्रो.सुरेन्द्र कुमार सिंह ने प्रो. एसके मिश्रा को अजातशत्रु की उपाधि देते हुए कहा कि आज आए दिन कॉलेज में छात्र और शिक्षकों में तनाव की बातें सुनने-पढ़ने को मिलती हैं। ऐसे में छात्र और शिक्षकों को प्रो. एसके मिश्रा के आचरणों को आत्मसात करने की जरूरत है। उनका जीवन आज भी प्रासंगिक हैं। कोई भी छात्रः उन्हें दूर से प्रणाम नहीं बल्कि पैर छूकर करते था। यह उनकी बहुत बड़ी उपलब्धि थी। सुधीर जी ने उनकी मुस्कराहट को दुख हरने वाला बताते हुए उन्हें याद किया कि कहा कि आप कितनी भी तकलीफ मे हों, उनसे मिल लेने से दुःख कम हो जाता था। वहीं पूर्व छात्र राजीव रजन पांडे ने कहा सर गुस्सा नहीं करते थे सर का लोग आदर-सम्मान करते थे। वहीं सुशील मानसिंहका ने बताया कि वे किसी भी नशा से मुक्त थे। वे कहते थे कि नशा नाश के सारे द्वार खोल देती है। दया शंकर त्रिपाठी ने बताया कि उनके जाने के बाद कभी भी गणित विभाग कायदे से चला ही नहीं। आज भी कॉलेज मे गणित विभाग में कोई टीचर नहीं है। बच्चे बिना क्लास किए ही पास हो रहे हैं। उनकी आज भी कमी महसूस होती है। कार्यक्रम में प्रो. शिवजी, प्रो. बिहारी, प्रो. सुरेन्द्र सिंह, शंभू लाल, अजय पांडे, नियाज अहमद, जाकिर नायक, पिंटो पासवान, सुरेश राम, मोती दिनकर, रामजी केशरी, डॉ संतोष केशरी, सुधीर जी, कृष्ण बिहार चौबे, बद्री विशाल, सुदीप सहाय, राकेश जायसवाल, प्रेम प्रकाश, भोला यादव व अन्य उपस्थित रहे। मंच संचालन इंजी मनीष कुमार ने व धन्यवाद ज्ञापन कृष्ण बिहारी चौबे ने किया।

### स्वास्थ्यकर्मियों व पंचायत प्रतिनिधियों को टीबी मरीजों की खोज के लिए किया गया प्रेरित



**डुमरांव।** स्थानीय पीएचसी में गुरूवार को चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरबी प्रसाद के अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मियों, विकास मित्रों तथा पंचायत प्रतिनिधियों की एक बैठक हुई। जिसमें पंचायतों में टीबी मरीजों की पहचान कर उन्हें पीएचसी में इलाज के लिए लाने के लिए प्रेरित किया गया। यह बैठक टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत आयोजित किया गया था। प्रशिक्षण का नेतृत्व पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा आरबी प्रसाद ने किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में टीबी के मरीजों को खोजने के लिए जानकारियां दी। इसके अलावा टीबी के मरीजों की पहचान, लक्षण एवं उसके उपाय के बारे में विस्तार से चर्चा की। टीबी ज्यादा खांसी वाले रोगियों में पाया जाता है। मौके बीमारी के लक्षणों को बताते हुए डा प्रसाद ने बताया कि जिन्हें दो सप्ताह से अधिक समय से खांसी है या बुखार आ रहा हो, वनज घट रहा हो तथा भूख नहीं लगना, बलगम से खून आना आदि ये टीबी के लक्षण है। उन्होंने कहा कि 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करना है। इसके लिए सबको मिलकर प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने ऐसे मरीजों की जांच कर उन्हें पीएचसी में लाकर बलगम जांच के लिए प्रेरित किया।



# हिंदी दिवस पर बोले प्रो. उमाशंकर... कमी हिंदी में नहीं हिंदी भाषियों में है

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

स्थानीय एसएन सिन्हा कॉलेज में हिंदी विभाग की ओर से हिंदी दिवस सह भाषण प्रतियोगिता का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर (डॉङ्) अरुण कुमार रजक की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर (डॉ.) उमाशंकर सिंह विभागाध्यक्ष-हिंदी ने किया। कार्यक्रम सहयोगी में डॉ. ज्योतिर्मय, डॉ. अनिल कुमार सिंह एवं कुमारी मानसी, हिंदी विभाग ने अपने सक्रिय सहयोग से कार्यक्रम को सफल बनाया। हिंदी दिवस का गणेश पं. रामेश्वर दयाल दुबे के प्रसिद्ध हिंदी गीत ₹एक राष्ट्र भाषा हिंदी में, कोटि-कोटि जनता की जय हो₹ महाविद्यालय की छात्राएं अपराजिता कुमारी, मौसमी कुमारी, वंदना कुमारी, कल्याणी कुमारी एवं साक्षी कुमारी के सस्वर पाठ से हुआ। आयोजित हिंदी दिवस मुख्य रुप से छात्र-छात्राओं के लिए केंद्रित था, जिसके तहत भाषण प्रतियोगिता भी कराई गई। भाषण प्रतियोगिता का विषय -वर्तमान समय में हिंदी के समक्ष चुनौतियों पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अपने



विचार प्रस्तुत किये। भाषण प्रतियोगिता में सम्मिलित प्रतिभागियों का चयन हेतु निर्णायक मंडल का गठन किया गया। जिसमें डॉ. शशिधर गुप्ता,ओमप्रकाश वर्मा, डॉ. सिमी, गीता कुमारी, प्रमुख थे।

निर्णायक मंडल ने निर्धारित मापदंड के तहत विषय वस्तु, शैली, प्रस्तुति एवं निष्कर्ष के आधार पर पर प्रतिभागियों का चयन किया गया। प्रतिभागियों में प्रथम- खुशबू कुमारी द्वितीय- राहुल कुमार तृतीय- शिवानी कुमारी स्थान प्राप्त किया। सलोनी राज, संटू कुमार, निभा कुमारी, बीनू सिन्हा, आयत आफरीन, श्वेता पुंज, रुचि कुमारी, कोमल कुमारी इत्यादि को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र, हिंदी की महत्वपूर्ण पुस्तकें प्राचार्य प्रो. रजक एवं प्रो. उमाशंकर सिंह ने संयुक्त रुप से प्रदान किया। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) अरूण कुमार रजक ने कहा कि विश्व की सहज और समृद्धि भाषाओं में एक है हिंदी। वहीं, प्रो. (डॉ.) उमाशंकर सिंह ने कहा कि हिंदी के समक्ष जो चुनौतियां है उसमें कमी हिंदी में नहीं, हिंदी भाषियों में है। हिंदी राष्ट्रभाषा के साथ ही विश्व भाषा बनने की क्षमता रखती हैं। उक्त कार्यक्रम में डॉ. अख्तर रोमानी, डॉ. एनपी सिंह, डॉ. सिमी ने हिंदी की उपेक्षा पर चिंता जताई। इस कार्यक्रम में डॉ. बबलू कुमार, मो. इंतखाब आलम, डॉ. नूतन कुमारी, प्रमिला कुमारी, सत्येंद्र कुमार सिंह, चंदन कुमारऔर देवब्रत आदि ने सहभाग किया।

## एक नजर

### लायंस क्लब ऑफ पटना - अनंता द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र को लिया गया गोद



पटना। हिंदी दिवस के अवसर पर आज गुरुवार लायंस क्लब ऑफ पटना- अनंता द्वारा राजेंद्र घाट, कुर्जी स्थित पटना ग्रामीण के आंगनवाड़ी केंद्र संख्या-84 को गोद लिया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, आईसीडीएस, आभा प्रसाद ने कहा कि लायंस क्लब ऑफ पटना - अनंता द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र को गोद लिया जाना एक सराहनीय कदम है। इससे एक पोषित समाज के निर्माण में क्लब की साझेदारी सुनिश्चित होगी। उन्होंने बताया कि केंद्र को गोद लेने के लिए लायंस क्लब ऑफ पटना- अनंता से विचार विमर्श किया जा रहा था और यह आज फलीभूत हुआ है। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ पटना- अनंता की अध्यक्ष लायन डॉ. अनुपम श्रीवास्तव, लायन प्रदीप खेतान, लायन मनोहर, लायन स्मिता,लायन इंदु, लायन नीता सहित क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। क्लब की अध्यक्ष लायन डॉ. अनुपम श्रीवास्तव ने कहा कि समुदाय के अंतिम व्यक्ति तक क्लब की सेवाओं को पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। आंगनवाड़ी केंद्र को गोद लिया जाना इसी की एक कड़ी है। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब ऑफ पटना-अनंता द्वारा केंद्र में बच्चों के पोषण का पूरा ध्यान रखा जायेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की आंगनवाड़ी कार्यकताओं का उन्मुखीकरण किया जायेगा और केंद्र की लोजिस्टिक्स का भी ध्यान रखा जायेगा। साथ ही केंद्र के लाभुकों को स्वच्छता एवं व्यक्तिगत सफाई पर उन्मुखीकरण किया जायेगा। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ पटना झ अनंता द्वारा गोद लिए गए केंद्र को सुरुचिपूर्ण तरीके से सजाया गया। क्लब द्वारा केंद्र को नए प्लेट डोनेट किया गये। इस प्लेट में बच्चों को केला, अंडे एवं बन सहित नाश्ता दिया गया।

## परिजनों का आरोप: डॉक्टर की इलाज में लापरवाही से बच्चे की मौत

# सदर अस्पताल में प्रसुता ने जन्मा मृत बच्चा अनदेखी का आरोप लगा परिजनों का हंगामा

**केटी न्यूज/आरा**

सदर अस्पताल में गुरुवार शाम ऑपरेशन के दौरान एक प्रसुता को मृत बच्चा पैदा होने पर हंगामा मच गया। डाक्टर और स्वास्थ कर्मियों पर इलाज में टालमटोल का आरोप लगा प्रसुता के परिजनों द्वारा खूब हो-हल्ला मचाया गया। उससे अस्पताल में कुछ देर के लिए अफरातफरी मची रही। प्रसुता धनगाई थाना क्षेत्र के दलीपुर गांव निवासी सोनू कुमार केशरी की पत्नी छाया कुमारी है।

प्रसुता की मां रीता देवी ने बताया कि गर्भवती होने के कारण उनकी बेटी चार माह पूर्व अपने मायके कुरकुरी गांव आयी थी। गुरुवार की सुबह उसे तेज दर्द हुआ। उसके बाद उसे पहले गड़हनी पीएचसी ले जाया गया। वहां महिला चिकित्सक द्वारा देखने के बाद आरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।? एंबुलेंस नहीं मिलने पर उसे प्राइवेट गाड़ी से आरा सदर अस्पताल लाया गया आए। वहां लेबर वार्ड में स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा



बताया गया कि अभी डॉक्टर नहीं है। इंतजार करना होगा। कुछ देर बाद दोबारा पूछने पर स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा कहा गया कि डॉक्टर खाना खाने गयी हैं। आने के बाद दिखा दिया जाएगा। उसी बीच उनकी बेटी की दर्द काफी बढ़ गया और कराहने लगी। स्वास्थ्य कर्मियों से लगातार डाक्टर को बुलाने की गुहार लगायी जाती रही, लेकिन कोई उपाय नहीं किया गया।

■ **बोली प्रसुता की मां... घंटों चक्कर काटने के बाद डॉक्टर आयी और मरीज को देखा**

**प्राइवेट लैब में उसकी जांच करा रिपोर्ट लाया :** शाम करीब पांच बजे महिला चिकित्सक आयी और उसे देख कर अल्ट्रासाउंड जांच कराने को कहा गया। उसके बाद प्राइवेट लैब में उसकी जांच करा रिपोर्ट लाया गया। करीब साढ़े पांच बजे उसे ऑपरेशन थिएटर में ले जाया गया। वहां ऑपरेशन के दौरान उसे मृत नवजात लड़का पैदा हुआ। मृत लड़का पैदा की खबर सुनते ही परिजनों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद परिजनों ने लेबर वार्ड में जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि उनकी बेटी का समय पर देख लिया गया होता और इलाज हो गया होता, तो बच्चे की मौत नहीं होती। इधर, ड्यूटी पर तैनात डाक्टर जूही कुमारी का कहना है कि मरीज द्वारा बताया गया कि बच्चा चल नहीं रहा है। डॉप्लर से जांच में भी बच्चे की धड़कन नहीं मिल रही थी। उसे कंफर्म करने के लिए अल्ट्रासाउंड कराया गया। उसमें भी बच्चा मृत दिखाया गया था।

मरीज के परिजनों को उस बात की जानकारी दे दी गयी थी। चूंकि मरीज का पहले भी ऑपरेशन से प्रसव कराया गया था। ऐसे में ऑपरेशन के जरिए डिलेवरी कराना उनकी मजबूरी थी। डाक्टर द्वारा किसी तरह की लापरवाही या टालमटोल से साफ तौर पर इनकार किया गया है। बताया जा रहा है कि छाया कुमारी की शादी वर्ष 2020 में हुई थी। उसे एक पुत्री सोनाक्षी है। यह उसका दूसरा बच्चा था। घटना के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## विषैले सांप के डंसने से इंटर की छात्रा की मौत

**आरा।** उदवंतनगर थाना क्षेत्र के कुसमा गांव में गुरुवार की शाम विषैले सांप के डंसने से इंटर की एक छात्रा की मौत हो गयी। इलाज के दौरान आरा सदर अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। मृत छात्रा कुसमा गांव निवासी सुरेंद्र सिंह की 16 वषीर्या पुत्री अमृता कुमारी थी। भाई विकास ने बताया कि गुरुवार के शाम वह रसोईघर में खाना बनाने गई थी। उस दौरान गैस चूल्हा जलाने के लिए वह जब रसोईघर एक होल से माचिस के डिब्बे को निकाल रही थी। तभी विषैले सांप ने उसे डंस लिया। उससे उसकी हालत काफी गंभीर हो गयी। उसके बाद उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़। इधर, मौत के बाद संतुष्टि के लिय परिजनों द्वारा मोबाइल के जरिए एक ओझा से संपर्क किया गया। तब ओझा द्वारा मोबाइल पर ही झाड़-फूंक करने की कोशिश की गयी। हालांकि कोई लाभ नहीं हुआ। उसके बाद परिजन शव लेकर चले गए। बताया जा रहा है कि छात्र अपने सात बहन और एक भाई में दूसरे स्थान पर थी। छात्रा की मौत से उसके घर में कोहराम मच गया है।




## नॉन स्टॉप ट्रेन से गिरने से बेगूसराय के युवक, मौत

**डुमरांव।** दानापुर-बक्सर रेलखंड के कुशलपुर हाल्ट के समीप नॉन स्टॉप ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गयी। घटना बुधवार रात की है। युवक बनारस से अपने घर बेगूसराय जाने के लिए नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस ट्रेन में सवार हुआ था तभी डुमरांव-बरुणा रेलवे स्टेशन के बीच कुशलपुर हाल्ट के समीप पैर फिसलने से वह टेज्न से नीचे गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही रेल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार मृतक बेगूसराय का रहने वाला 25 वर्षीय राजाराम यादव बताया जाता है। वह यूपी के बनारस में ठेला चलाकर अपने परिजनों का पेट भरता था। जैसे ही यह मनहूस खबर मृतक के परिजनों को मिली, परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते-बिलखते बक्सर पहुंचे और शव की शिनाख्त की। रेल पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।

## सेंट्रिंग का काम करने निकले मिस्त्री की सड़क हादसे में मौत, घर लौटते समय वाहन ने रौंदा

♦ **इलाज के लिए सदर अस्पताल लाये जाने के दौरान रास्ते में तोड़ा दम**

**केटी न्यूज/आरा**

जिले के गजराजगंज ओपी क्षेत्र में टाटा मोटर्स शोरूम के समीप आरा-बक्सर फोरलेन पर बुधवार की शाम सड़क हादसे में एक युवा सेंट्रिंग मिस्त्री की मौत हो गयी। इलाज के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। मृत सेंट्रिंग मिस्त्री मुफस्सिल थाना क्षेत्र के रामापुर सनदिया गांव निवासी मंगलेश्वर यादव का 36 वर्षीय पुत्र मनलाल यादव था।

मंगलेश्वर सिंह ने बताया कि बुधवार की सुबह उनका पुत्र बाइक से सेंट्रिंग का काम करने के लिए बिहिया गया था। देर शाम पुलिस के जरिए उन्हें हादसे की सूचना मिली। हालांकि उसकी बाइक घटनास्थल पर नहीं थी। बताया जा रहा है कि हाइवे



कंस्ट्रक्शन में काम कर रहे मजदूरों की ओर से गजराजगंज ओपी पुलिस को हादसे की सूचना दी गयी थी। उस आधार पर गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरि प्रसाद शर्मा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और उसे जख्मी हालत में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहां डाक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। उसके बाद पुलिस द्वारा उसके पॉकेट में मिली डायरी और मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी बहन को फोन कर घटना की जानकारी दी गयी। उसके बाद परिजन आरा सदर अस्पताल पहुंचे, तो वह मृत अवस्था में पड़ा था। तब पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। हालांकि सेंट्रिंग मिस्त्री बाइक से लौट रहा था या किसी अन्य वाहन से यह स्पष्ट नहीं हो सका है। क्योंकि पुलिस को घटनास्थल से कोई बाइक नहीं मिली है। बताया जा रहा है कि मिस्त्री अपने पांच भाई और दो बहनों में दूसरे स्थान पर था। उसके परिवार में मां प्रभावती देवी,पत्नी रिंकू देवी, पुत्री प्रीति, अंजली,भूटन, पुत्र लवकुश और संदीप हैं। हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है।

## जमानिया स्टेशन से बरामद हुआ हास्टल से भागा पांचवी का छात्र

**बक्सर।** इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल यशोदा नगर से बुधवार को भागने वाला पांचवी का छात्र गुरूवार की सुबह यूपी के जमानिया रेलवे स्टेशन से बरामद हुआ है। रेल पुलिस की सूचना पर बक्सर के औद्योगिक थाने की पुलिस उसे बरामद कर लाई तथा न्यायालय में प्रस्तुत किया। बता दें कि वह बुधवार को हास्टल प्रबंधन से नाराज हो भाग गया था। जिसके बाद हास्टल प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गई थी। जानकारी उसके परिजनों को भी दी गई। परिजनों ने औद्योगिक थाने में उसके अपहरण का मामला दर्ज कराया था। जानकारी के अनुसार वह नाराज होने के बाद पूरे दिन और रात में बक्सर स्टेशन के आस पास घुमता रहा तथा अहले सुबह अपने गांव जाने के लिए टेज्न पकड़ लिया। लेकिन स्टेशन पर उतरते ही पहले से तैनात रेल पुलिस ने उसे पकड़ पूछताछ किया तो वह बताया कि बुधवार को अपने हास्टल की व्यवस्था से नाराज होकर भाग गया है। औद्योगिक थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि परिजनों द्वारा अपहरण का एफआईआर दर्ज कराया था। जिस कारण उसे न्यायाल में प्रस्तुत किया गया।




## जिले में सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के सफल संचालन की तैयारियां जोरों पर, बोले सिविल सर्जन

# एमडीएम को सफल बनाने के लिए सामूहिक पहल आवश्यक

**केटी न्यूज/बक्सर**

फाइलेरिया पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से जिले में मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन अभियान शुरू होने वाला है। जिसके तहत 20 सितंबर से बूथ लगाकर और घर-घर जाकर फाइलेरिया रोधी दवाएं दी जाएंगी। अभियान को सफल बनाने के लिए जिला स्वास्थ्य समिति मिशन मोड में काम कर रही है। इस क्रम में जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण और उन्मुखीकरण किया जा रहा है। वहीं, सहयोगी संस्थानों के द्वारा व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं।

इस क्रम में सीएस डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने बताया कि अभियान को सफल बनाने और फाइलेरिया से



निपटने के लिए सामूहिक पहल की आवश्यकता है। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और सहयोगी संस्थानों द्वारा बुद्धिजीवियों और समाज में अलग पहचान रखने वालों से संपर्क कर जागरूकता अभियान में शामिल होने की अपील की जा रही है। ताकि, ज्यादा से ज्यादा लोग एमडीए अभियान का लाभ उठा सकें।

**आशा कार्यकताओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण :** सदर प्रखंड के प्रखंड स्वास्थ्य उत्प्रेरक प्रिंस कुमार सिंह ने बताया कि एमडीए अभियान को सफल बनाने के लिए प्रखंड में पंचायतवार आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमें अभियान के दौरान घरों की मार्किंग, लाभुकों को अपने सामने दवाओं का सेवन कराना आदि की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि एमडीए अभियान के दौरान दवा की डोज उम्र के अनुसार दी जाएगी। दवा खाली पेट नहीं खानी है। यह दवाएं निःशुल्क जनसमुदाय को खिलाई जाएगी और इसका सेवन दो साल से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर रोग से पीड़ित लोगों को छोड़ कर सभी को करना है। दवा खाने से जब शरीर में परजीवी मरते हैं तो कई बार सिरदर्द, बुखार, उल्टी जैसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है। इससे घबराना नहीं है और आमतौर पर यह स्वतः ठीक हो जाते हैं। अगर किसी को ज्यादा दिक्कत होती है तो आशा कार्यकर्ता प्रखंड स्तर पर गठित रिस्पांस टीम को सूचित करेंगी।

**प्रतिदिन होगी निगरानी और अनुश्रवण :** डीएमओ डॉ. शैलेंद्र कुमार ने बताया कि फाइलेरिया मुक्त बक्सर बनाने के लिए व एमडीए को सफल बनाने के लिए अंतरविभागीय समन्वय स्थापित कर अभियान चलाया जा रहा है। हमारा लक्ष्य है कि इस बार 100 प्रतिशत लाभुकों को दवाओं का सेवन कराया जा सके। इसके लिए जहां स्वास्थ्य विभाग कार्य कर रहा है, लेकिन अभियान को सफल बनाने के लिए लोगों का सहयोग भी जरूरी है। इस बीमारी से मरीज न केवल दिव्यांग बन जाता है, बल्कि उसकी मानसिक स्थिति भी बिगड़ जाती है। इसलिए उन्होंने जिले के सभी लोगों से दवा का सेवन अनिवार्य रूप से करने की अपील की।



# सरकार की गलत नीतियों का विरोध करते रहेंगे अधिवक्ता

**केटी न्यूज/बलिया**

हापुड़ जिले के न्यायालय परिसर में बीते दिनों 29 अगस्त को पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं के ऊपर बर्बरतापूर्वक लाठी चार्ज करने के विरोध में विगत कई दिनों से जिले के अधिवक्ता आंदोलनरत है। इसी कड़ी में गुरुवार को भी डीएम कार्यालय के समक्ष वकीलों ने प्रदेश सरकार का पुतला दहन कर अपने गुस्से का इजहार किया।



बार काउंसिल के आह्वान पर गुरुवार क्रिमिनल व सिविल बार के वकीलों ने क्रिमिनल बार के सभागार में बैठक कर सरकार के उदासीनता पर जमकर भड़ास निकाला। इस दौरान वकीलों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया. बार काउंसिल के आह्वान पर 13 व 14 सितम्बर 2023 को अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया था। इसी क्रम में गुरुवार को जिला मुख्यालय के वकीलों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ अपने आक्रोश का प्रदर्शन किया। बता दें कई उप्र बार काउंसिल दो दिनों के हड़ताल के आह्वान पर गुरुवार को क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार, सिविल बार, कलेक्ट्रेट बार के वकीलों ने प्रदेश सरकार के उदासीन रवैया पर नाराजगी जतायी। इस मौके पर कहा कि उप्र बार काउंसिल के आह्वान पर हम अधिवक्ता योगी सरकार की गलत नीतियों का विरोध करते रहेंगे। इस मौके पर क्रिमिनल बार के अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्र ने कहा कि योगी सरकार के अफसर तानाशाही करने में लगे हुए हैं। ऐसे भ्रष्ट अफसरों पर समय रहते नकेल नहीं कसा गया तो प्रदेश सरकार को अधिवक्ता समाज माफ नहीं करेगा। उन्होंने ने कहा कि दूसरों को न्याय दिलाने वाले अधिवक्ताओं का प्रदेश भर में उत्पीड़न हो रहा है। वकीलों ने मांग किया कि हापुड़ के अधिवक्ताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमें वापस लिए जाय। इस प्रकरण में डीएम व एसपी सहित दोषी पुलिस अफसरों व पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाय। वकीलों ने कहा कि अधिवक्ताओं के विरुद्ध पुलिस ने मनगढ़त झूठे मुकदमा दर्ज था, उसे तत्काल स्पंज किया जाय। इस मौके पर सिविल बार के अध्यक्ष देवेंद्र कुमार दुबे, क्रिमिनल बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, महासचिव अनिल कुमार मिश्र, कुबेर नाथ पाण्डेय, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, अभिषेक मिश्र, पंकज गुप्ता, विवेकानंद पाण्डेय, अखिलेश सिंह, अनिल सिंह, शंकर राम फौजदार, त्रिदेव तिवारी, अवध नारायण सिंह, बृजेश सिंह, योगेश्वर यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# जालसाजी व धोखाधड़ी के मामले में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**केटी न्यूज/बलिया**

जालसाजी व धोखाधड़ी के मामले में शहर कोतावली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है। शहर कोतवाल राजीव सिंह के मुताबिक जल्द ही सभी आरोपी पुलिस के गिरफ्त में होंगे। मामला फेफना थाना क्षेत्र के बघेजी गांव का है, बीते दिनों रजिस्ट्री आफिस से वादी प्रभाकर सिंह को जब जालसाजी का मामला पता चला तो उन्होंने शहर कोतवाली में तहरीर दी। जिसके बाद शहर कोतवाली पुलिस ने अनिल सिंह, मनोज सिंह, पूजा सिंह, स्वाती सिंह निवासीगण बघेजी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

बघेजी निवासी पीड़ित प्रभाकर सिंह पुत्र स्व. राजनाथ सिंह ने शहर कोतावली में दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि मनोज सिंह पुत्र स्व. गुलाब सिंह के दादाजी से 1959 में मेरे पूर्वज कमला, चंद्रिका, रामव्यास द्वारा कबाला ?रजिस्ट्री कराई गई थी। जिसके मुताबिक कमला आदि के वर्तमान पीढ़ी तेज बहादुर सिंह, जनार्दन सिंह, प्रभाकर




सिंह, प्रभुनाथ सिंह आदि लोग वर्तमान में भी जमीन पर काबिज है। लेकिन कूटरचित करके मनोज सिंह पुत्र स्व. गुलाब व अनिल सिंह पुत्र स्व. रामअवध सिंह अपनी बहू पूजा सिंह व भवह स्वाती सिंह के नाम से बीते 26 जून को उक्त जमीन के तीनों नंबर की रजिस्ट्री करा दी और इन सबके पीछे साजिशकर्ता का रोल अदा किया अनिल सिंह पुत्र रामअवध सिंह ने। पीड़ित प्रभाकर सिंह के मुताबिक जब ग्रामीणों द्वारा मुझे इस बात की जानकारी मिली तो मैं भागे-भागे रजिस्ट्री आफिस गया, जहां से मझे पूरे मामले की जानकारी मिली। इसके बाद मेरे द्वारा शहर कोतवाली में तहरीर दी गई। जिसके बाद पुलिस ने उपरोक्त चार लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी में जुट गई है।

# एनएटी त्रैमासिक परीक्षा की तिथि निर्धारित

**मऊ।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय ने बताया कि महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा उ0प्र0 लखनऊ के जनपद के समस्त परिषदीय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में दिनांक 15 सितम्बर को 08:50 बजे से 10:20 बजे तक कक्षा 1 से 3 तथा दिनांक 16 सितम्बर 2023 को पूर्वाहन 08:50 बजे से 10:20 बजे तक कक्षा 4 से 8 में नामांकित बच्चों का सरल ऐप के माध्यम से निपुण लक्ष्य व लर्निंग आउटकम पर आधारित निपुण एसेसमेन्ट टेस्ट त्रैमासिक आंकलन हेतु परीक्षा आयोजित होगी। उक्त परीक्षा में कक्षा 1 से 5 तक भाषा व गणित तथा कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों को विज्ञान व गणित विषय की दक्षता का आंकलन उपरोक्त निर्धारित ऐप के माध्यम से होगा। बच्चे प्रश्नों का उत्तर ओएमआर शीट पर भरेंगे, जिसे सम्बन्धित विद्यालय के शिक्षक अपने मोबाइल से स्कैन कर ?सरल ऐप पर अपलोड करेंगे। जिससे उक्त परीक्षा की शुचिता एवं सत्यनिष्ठा बरकार रखने हेतु जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार जनपद स्तरीय तीन सचल दल तथा ब्लॉक स्तरीय सचल में सम्बन्धित बीडीओ की अध्यक्षता में गठित सचल दल के माध्यम से निगरानी होगी।

## सूरत-ए-हाल : डेंगू मरीजों को प्लेटलेट के लिए वाराणसी जाना मजबूर

# डेंगू मरीज भगवान भरोसे ! दो साल से संचालित नहीं हो सका सेपरेशन यूनिट

**केटी न्यूज/बलिया**

जनपद में डेंगू के मरीज भगवान भरोसे ही जीवित है। जिले का स्वास्थ्य विभाग अब तक प्लेटलेट तैयार करने वाली सेपरेशन यूनिट को भी चालू नहीं कर सका है। जिसके चलते डेंगू मरीजों को प्लेटलेट के लिए वाराणसी जाना मजबूरी हो गई है। दो साल से सेपरेशन यूनिट का कक्ष बन गया है, मशीन भी आकर रखी गई है, लेकिन अब तक संचालित नहीं हुई है। जिसके चलते जिले के लोगों को प्लेटलेट का घोर अभाव अब तक झेलना पड़ रहा है।

1942 में अंग्रेजों से खुदको आजाद कराने वाले बलिया ने पूरे देश को आजादी का मार्ग प्रशस्त किया। जिले में ट्रामा सेंटर का भवन बना, लेकिन अब तक संचालित नहीं हुआ। जिलाधिकारी ने ट्रामा सेंटर को संचालित करने के लिए कई तरकीबें अपनाई, लि?खित निर्देश भी जारी किया। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के तर्कों के चलते अब तक ट्रामा सेंटर संचालित नहीं हो सका। ट्रामा सेंटर



के लिए ढाई करोड़ की मशीनें धूल फांक रही है। ट्रामा सेंटर के लिए बना लाखों रूपए का भवन सफेद हाथी साबित हो रहा है। बानगी तो कई है, लेकिन प्लेटलेट तैयार करने वाली सैपरेटर यूनिट इन दिनों काफी चर्चा में आ गई है। मौजूदा समय में जनपदवासी डेंगू का प्रकोप झेल रहे हैं। डाक्टरों के यहां जाने के बाद डेंगू के मरीज को डाक्टर सीधे वाराणसी जाने की सलाह दे देते हैं। जो सक्षम मरीज है, वे वाराणसी जाने में समर्थ हो जाते हैं। अक्षम मरीज भगवान भरोसे जिले में इधर-उधर भटककर बकरी का दूध और पपीते के पत्ते के भरोसे अपना प्लेटलेट बढ़ाने का जद्दोजहद में लगे हुए हैं।

**सांसद हुए गंभीर, लिखे डीएम को चिट्ठी :** सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को पत्र लिखा है। पत्र में जिक्र किया कि जनपद के डेंगू मरीजों के लिए प्लेटलेट हेतु ब्लड सेपरेशन यूनिट का निर्माण दो वर्ष पहले ही कराया गया है। इस यूनिट में मशीनें भी आकर रखी है। लेकिन किसी कारणवश यह यूनिट अभी तक संचालित नहीं हुई है। जो कि बहुत बड़ा दुर्भाग्य है। ऐसे में यूनिट को हर हाल में चालू कराया जाए, यदि कोई दिक्कत होती है तो मुझे अवगत कराया जाए।

**फिर लकीर पीटने लगा स्वास्थ्य विभाग :** सांप के निकल जाने के बाद जिले का स्वास्थ्य विभाग लकीर पीटने में लग जाता है। इस कहावत की बानगी जिले में अब तक ब्लड सेपरेशन यूनिट का संचालित ना होना माना जा सकता हैं। दो साल से सैपरेटर यूनिट का कक्ष बन गया है, मशीन भी आकर रखी गई है, लेकिन अब तक संचालित नहीं हुई है। जिसके चलते जिले के लोगों को प्लेटलेट का घोर अभाव अब तक झेलना पड़ रहा है। इस संबंध में सीएमएस डा. एसके यादव ने बताया कि प्रशिक्षित टेक्निशियन यूनिट के कुछ उपकरण के अभाव में अभी तक यूनिट चालू नहीं की जा सकी है। उन्होंने बताया कि उक्त यूनिट में कुल 25 उपकरण लगने हैं। जिसमें अब तक मात्र दस उपकरण ही उपलब्ध हो सकें है।

# आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 20 सितंबर तक

**मऊ।** प्रधानाचार्य आईटीआई संजीव कुमार जैन ने बताया कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सहादतपुरा मऊ एवं मोहम्मदाबाद गोहना, मऊ में संचालित एन०सी०वी०टी० व्यवसायों में सत्र 2023-24 2023-25 के अन्तर्गत चतुर्थ चरण आवंटन की कार्यवाही पूर्ण की जानी है। प्रवेश हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में पूर्व पंजीकृत एवं नवीन पंजीकृत गैर चयनित अभ्यर्थियों का रिक्त सीटों के सापेक्ष आवेदन पत्र / रैंक (मेरिट) अंतिम तिथि - 20.09.2023 सायं 5:00 बजे तक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सहादतपुरा मऊ एवं मोहम्मदाबाद गोहना, मऊ में जमा कर सकते हैं। प्रवेश सत्र 2023 के निदेर्शानुसार प्रवेश प्राप्त करने की अन्तिम तिथि- 23.09.2023 सायं 5.00 बजे तक निर्धारित है। अभ्यर्थी अपनी रैंक परिषद् के पोर्टल www.scvtup.in पर प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि - 20.09.2023 के सायं 05:00 बजे के उपरान्त कोई भी आवेदन पत्र संस्थान में स्वीकार नही किया जायेगा।




# ओबीसी आरक्षण कांशीराम की देन



बलिया। काजीपुर गांव स्थित शिवाला के प्रांगण में गुरुवार की शात चार बजे बहुजन समाज पार्टी के कैडर कैंप का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथ पूर्व सांसद डॉ बलराम मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत बाबा साहब अम्बेडकर व मान्यवर कांशीराम के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

कार्यक्रम में 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर चर्चा की गई तथा बहुजन समाज पार्टी के नीतियों के बारे में लोगों को बताया गया। मुख्य अतिथि ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो गरीब, लाचार और पिछड़ों की लड़ाई लड़ती आ रही है। बहन जी ने अपने शासनकाल में ईमानदारी पूर्वक काम किया। उनके समय में अपराधी या तो जेल के अंदर थे या तो प्रदेश छोड़कर बाहर भाग गए थे। उनके शासनकाल में लोग बहुत खुशहाल थे। बताया की जो ओबीसी को आरक्षण मिला वह मान्यवर कांशीराम साहब का ही देन है। इस दौरान गुड्डू मलिक, अजीत कुमार बबलू, सनी कुमार, श्रीकिशुन लाल, अनिल राम, घूरी ट्रेलर, भागवत प्रेमी, रणजीत भारती, नसरुद्दीन, सुनील गौतम, राजेश कुमार राम आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभाचंद्र बौद्ध व संचालन अजय कुमार भारती ने किया।

# आरोपियों को बचाने के लिए पुलिस ने कोरा कागज पर कराये दस्तखत

**केटी न्यूज/बलिया**

शहर कोतवाली क्षेत्र के एक मुहल्ले की महिला ने गुरुवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर जापलिनगंज चौकी की पुलिस पर आरोपी को बचाने के लिए कोरा कागज पर दस्तखत कराने का आरोप लगाया है। मामला दो नाबालिग बेटियों के अपहरण से जुड़ा हुआ है। मामले में आरोप है शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस द्वारा आरोपियों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

एसपी को दिए गए ज्ञापन में जिक्र किया कि बीते पांच सितंबर की शाम मेरे घर से मेरी दो नाबालिग बेटी को डरा धमका कर आरोपी कृष्णा सिंह व प्रिंस सिंह अपने घर में ले जाकर एक कमरे में बंद कर दिया था। मामले में मेरे द्वारा जब 112 नंबर पुलिस को सूचना दी गई तो पुलिस मौके पर पहुंचकर बंद कमरे से मेरी दो बेटियों को बरामद किया था। इसके बाद दूसरे दिन यानी छह सितंबर को जापलिनगंज चौकी की पुलिस ने मुझे तथा आरोपी पक्ष को भी चौकी पर बुलाया था, लेकिन कुछ कार्रवाई किए बिना ही छोड़ दिया था। इसके बाद मैं जब एसपी की शरण में गई तो शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले को फिर से जापलिनगंज पुलिस को सौंप दिया। मुकदमे की कड़ी में बीते बुधवार की दोपहर मुझे तथा मेरी दोनों बेटियों को जापलिनगंज चौकी की महिला सिपाही जब जिला अस्पताल ले गई तो मुझे कोरा कागज पर दस्तखत करने के लिए कहा। मैंने जब इसका विरोध किया तो मुझे बरगलाया कि आपको अपनी बेटियों का मेडिकल कराना है कि नहीं, यह बोलकर जल्दी जल्दी में मुझसे दस्तखत करा लिया। ऐसे में मुझे पूरा विश्वास है कि पुलिस आरोपियों के साथ मिली हुई है तथा केस को कमजोर कर सकती है।

## डीएम ने की सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विभागवार समीक्षा

# खराब प्रदर्शन वाले विभागों को शोकॉज

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार ने कैंप कार्यालय स्थित सभागार में सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विभागबार समीक्षा बैठक की।

ज्ञातव्य है कि विभिन्न विभागों की सेवाओं, योजनाओं, परियोजनाओं को ऑनलाइन इंटीग्रेटेड कर उच्च स्तर पर मॉनिटरिंग हेतु एक नया पोर्टल सीएम डैशबोर्ड विकसित किया गया है। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से ही विभिन्न विभागों द्वारा नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं विभागों की योजनाओं, परियोजनाओं में विभिन्न स्तरों के अधिकारियों के योगदान, प्रदर्शन के आधार पर जनपद की रैंकिंग सुनिश्चित की जाएगी। सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से ही विभिन्न स्तर के अधिकारियों की समीक्षा उपलब्ध सूचनाओं के माध्यम से की जाएगी।



खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों को चिन्हित कर उनके कार्यों में सुधार हेतु प्रयास किया जाएगा।

सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विभाग वार समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने गत माह की प्रदेश स्तर की जारी रैंकिंग में खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों को सही डाटा फीड करने तथा वेरीफाई हेतु मुख्यालय से लगातार संपर्क बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने डाटा फीडिंग के दौरान ऑपरेटर के साथ स्वयं उपस्थित रहते हुए शुद्ध आंकड़े फीड करने को भी कहा। इसके अलावा उन्होंने जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी को सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर समय से शुद्ध डाटा फीड कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिससे हर माह जारी होने वाली प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद की स्थिति ठीक रहे।

# एनवाईके के तत्वावधान में मेरी माटी, मेरा देश का हुआ शुभारंभ

**मऊ।** नेहरू युवा केंद्र मऊ के तत्वाधान में अपना देश अपनी माटी कार्यक्रम का रानीपुर ब्लाक के ग्राम सभा अमारी के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय पंडित फूलचंद उपाध्याय के घर से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख अर्पित कुमार उपाध्याय मंडल उपाध्यक्ष भाजपा ने घर-घर जाकर एक मुट्ठी चावल एक मुट्ठी मिट्टी, मेरा देश मेरा माटी कार्यक्रम में एकत्रित किया। इस अवसर पर अर्पित उपाध्याय ने अपने उद्बबोधन में कहा कि स्वतंत्रता के 75वीं वर्षगांठ पर हर घर मिट्टी कार्यक्रम का आयोजन करके देश के शहीदों को नमन किया है। इस कार्यक्रम में गणमान्य जन उपस्थित होकर हर घर से चावल और मिट्टी इकट्ठा करके शहीदों को नमन किया।कार्यक्रम के दौरान नरेंद्र तिवारी, दीपक राय, यशवंत राय, गुड्डू राय, सर्वेश यादव, दिनेश राय, नीरज शर्मा व ग्राम सभा की महिलाएं उपस्थिति रही।



# सूरत-ए-हाल: सियाड़ी गांव में इंटरमीडिएट यूपी टॉपर के घर तक बनी सड़क टूटी, लोग परेशान

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

मुख्यमंत्री का आदेश करईल क्षेत्र में हवा -हवाई साबित हो रहा है। शासन के अनगिनत आदेश के बाद भी कई सड़कें बदहाल हैं। उन पर चलना दूभर हो गया है। एक बार फिर मुख्यमंत्री ने फरमान जारी किया है। इस बार दीपावली पहले सभी सड़कों को दुरुस्त करने एवं गड्ढा मुक्त करने का आदेश दिया गया है। हालांकि ऐसे आदेश हर साल जारी होते रहे हैं। बावजूद मुहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत कोटवा -लट्ठुडीह मुख्य मार्ग से सियाडी गांव को जोड़ने वाली दो किमी तक पक्की सड़क बदहाल है। पूरी सड़क टुटकर गड्ढों में तब्दील हो गई है।

बता दें कि भांवरकोल विकास खंड के सियाडी गांव की मेधावी छात्रा अनन्या राय के घर तक बर्ष 2018 में

### ❒ मरम्मत नहीं होने के कारण आने-जाने वाले लोगों को हो रही परेशानी

लोक निर्माण विभाग तृतीय ने पक्की सड़क का निर्माण कराया था। लेकिन कुछ ही दिन बाद वह सड़क टुटकर गढ्ढों में बदल गई। उस सड़क पर सवारी तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल भरा काम है। बरसात होते ही गाँव का सड़क से संबंध टूट जाता है। सड़क पर बने गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। उन गढ्ढों में बरसात का पानी भर जाने से मुख्य सड़क तक जाने में ग्रामीणों को बहुत परेशान होना पड़ रहा है। जिससे स्कूल जाने वाले बच्चों सहित मरीजों को बहुत दिक्कत होती है।

**अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को कराया गया था अवगत :** मुख्य मार्ग से टॉपर के घर तक दो किमी सड़क का निर्माण कराया गया था।



लेकिन बनने के बाद से इस सड़क का मरम्मत न कराए जाने से यह सड़क खराब हो गई। इसके लिए ग्रामीणों ने विभाग के उच्चाधिकारियों सहित जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराया था, लेकिन अभी तक इस सड़क के मरम्मत का कार्य शुरू नहीं हो सका है। जिससे ग्रामीणों में बहुत नाराजगी है। गांव के संपर्क मार्ग से न जुड़ने से क्षेत्रीय लोग बहुत परेशान हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क बनी थी तो लोग बहुत खुश थे। यह सड़क काफी दिन तक ठीक ढंग से चलेगी, लेकिन कुछ दिन बाद से ही टूटने लगी। इस तरीके से सड़क बनने से क्या फायदा, जब ग्रामीण कीचड़ और पानी से होते हुए आवागमन करेगें। अब देखना यह होगा कि मुख्यमंत्री के नए फरमान के बाद कबतक जिला प्रशासन और लोक निर्माण विभाग इस सड़क का निर्माण करा पता है। इस संबंध में सहायक अभियंता अखिलेश यादव ने बताया की बहुत जल्द ही इस सड़क के मरम्मत का कार्य कराया जाएगा।

“ जनपद के सियाड़ी गांव को जोड़ने वाली सड़क में जगह-जगह गढ़ा होने से आवागमन कष्टकारी हो गया है। सड़क की मरम्मत एवं निर्माण की मांग को लेकर सालों से ग्रामीण जिला प्रशासन एवं शासन से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

*- धनंजय राय, समाजसेवी*



“ गाजीपुर जनपद के करईल बेल्ट में आम आदमी समस्याओं से जूझ रहा है। मूलभूत सुविधाएं सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा से भी लोगों को वंचित रखा जा रहा है। जिससे किसान, मजदूर और आमलोग जैसे-तैसे अपना जीवन गुजार रहे हैं। ऐसे में सुविधाओं को दुरुस्त करने के बजाय अधिकारी उसकी उपेक्षा कर रहे हैं। जो निंदनीय है।



*-रिंकू राय*

“ टॉपर छात्रा के घर तक सड़क बनाए जाने से पूरे इलाके में खुशी दौड़ गई थी और मुख्यमंत्री को लोगों ने हृदय से धन्यवाद दिया था, लेकिन अब सड़क टूटने के बाद दोबारा लोग काफी कष्ट में हैं। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे जानलेवा साबित हो रहे हैं। सड़क को तत्काल बनाया जाए, ताकि लोगों को समस्या से मुक्ति मिल सके।

*- कमलेश राय*



“ इन दिनों मुहम्मदाबाद तहसील के सियाड़ी गांव से आने-जाने का एकमात्र मार्ग जर्जर होने से लोग काफी दिनों से परेशान हैं। लोक निर्माण विभाग एवं जिला प्रशासन को सड़क बनाने के लिए बार-बार आवेदन दिया गया, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है। हम जनपद के उच्चाधिकारियों का ध्यान टूटी सड़क की तरफ आकृष्ट करना चाहते हैं।



*- राकेश राय।*

## खबरें फटाफट

### एनवाई ने मनाया हिन्दी दिवस

**चंदौली।** नेहरू युवा केन्द्र चंदौली द्वारा विकास खंड नियामताबाद युवा मंडल धपरी में मेरा माटी मेरा देश के अन्तर्गत हिन्दी दिवस पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया इसमे आये मुख्य अतिथि संजय सोनकर ग्राम प्रधान स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण किया और प्रधान जी ने कहा कि हमारे देश मे आज के दिन हिन्दी दिवस के रूप मे मनाया जाता है और हिन्दी हमारी राष्ट्रभाषा है आज कल के लोग हिन्दी से दूर होते जा रहे हैं। हम आप सभी यही उम्मीद करते है कि हमारी भाषा को पहले जैसा बनाये रखे। कार्यक्रम में सुनील यादव, प्रशान्त निशु किशन दिनेश अमन आदि उपस्थित रहे।

### नंद समाज के लोगों के साथ उत्पीड़न कर रही सरकार

**चंदौली।** ऑल इंडिया महापद्मनंद कम्युनिटी एजुकेटेड ?सोसिएशन उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बृहस्पतिवार को पर जनपद शाखा के नंद, सेन, संहिता समाज पर हो रहे उत्पीड़न एवं हत्याओं के खिलाफ जिलाधिकारी के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान धरना स्थल से कार्यकताओं ने जुलूस निकालकर कलेक्ट पहुंचे जहां पर जिलाधिकारी के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। साथ ही समाज के लोगों पर तत्काल उत्पीड़न बंद करने की मांग की। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भाजपा की मौजूदा सरकार में नंद समाज पर उत्पीड़न बढ़ा है। समाज के लोगों की आए दिन हत्याएं हो रही है, लेकिन शासन प्रशासन द्वारा अनुचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि सरकार समाज के प्रति गंभीर नहीं है और समाज के लोगों को दबाने का काम कर रही है।

### घायल मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**गाजीपुर।** मुहम्मदाबाद तहसील अंतर्गत बढ़नपुरा ग्राम पंचायत के भांवरकोल गांव निवासी मजदूर विजय शंकर राम (50) विद्युत पोल में दबकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बता दें कि पेशे से मजदूर विजय शंकरराम कल कबीरपुर गांव में बिजली की ठेकेदारी के तहत पोल गाड़ रहे थे। इसी बीच पोल टूट कर उसके ऊपर आ गिरा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए, जहां से फिर उसे इलाज के लिए बक्सर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बृहस्पतिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरम -पोषण करता था। उसके पीछे दो पुत्र तीन पुत्रियां हैं। जिसमें बड़ी पुत्री की शादी हो गई है। घटना से परिजनों में कोहराम हुआ है। पत्नी सुभावती देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष राजेश बहादुर सिंह ने बताया कि परिजनों की मांग पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में मनाया गया बाबा का जन्मोत्सव, उमड़ी लाखों की भीड़

# मठ में चार द्वार के कुओं पर स्नान करने से श्रद्धालुओं को मिलती है रोगों से मुक्ति

**केटी न्यूज/चंदौली**

रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में बाबा कीनाराम का 424वें जन्मोत्सव समारोह में गुरुवार को दूसरे दिन भी लाखों श्रद्धालुओं ने बाबा कीनाराम का मत्था टेका। लाखों की संख्या में लाइन में लगकर लोगो ने बाबा कीनाराम का दर्शन पूजन किया। बच्चों ने मनोरंजन के झूले, चरखी आदि खिलौनों का लुफ्त उठाया। भीड़ को देखते हुए पुलिस फोर्स एलर्ट रही। रामगढ़ में पीठाधीश्वर सिद्धार्थ गौतम राम जी निर्देशन में बाबा कीनाराम का जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है।

बाबा कीनाराम मठ में दूसरे दिन सुबह क्षेत्रीय व दूरदराज से आये गायक कलाकार महानन्द तिवारी, मंगला पाठक, मुन्ना पाण्डेय, मटुक सिंह ने सुबह 8 बजे मानस पाठ के बाद भजन व गजल प्रस्तुत किया। लाखों की संख्या में पुरुष, महिलायें, बुजुर्ग व बच्चे लाइन में लगकर बाबा कीनाराम के दर्शन पूजन के बाद लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। दूसरी तरफ लंगर में श्रद्धालुओं ने





प्रसाद चखा। वाहनों को मठ परिसर व मेला परिक्षेत्र से एक किलोमीटर दूर रखा गया। मेला में तरह तरह की मिष्ठान, गुड़हिया जलेबी, पकौड़ी, चाट, महिलाओं के श्रृंगार की दुकानों पर खरीदारी किया। इसके अलावा बच्चो के मनोरंजन के झुला, चरखी, खिलौनों की दुकानें पर बच्चो ने लुफ्त उठाया। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए क्षेत्राधिकारी राजेश राय व बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह के नेतृत्व सैकड़ों पुलिस कर्मी, महिला पुलिस, पीएससी, क्राइम ब्रांच की टीम चप्पे चप्पे पर तैनात रहे। बलुआ इंस्पेक्टर विनय प्रकाश सिंह ने चौबेपुर की रहने वाली संध्या देवी का चैन स्कैचिंग मामले में जंगीपुर गाजीपुर की महिला आरती देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम में झूमे श्रोता :** कीनाराम मठ के अंदर सांस्कृतिक मंच पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में श्रोता झूम उठे। मां खण्डवारी देवी स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा भजन, कीर्तन व अघोर शिव तांडव का शानदार मंचन किया। बाबा कीनाराम इंटर कालेज द्वारा बाबा कीनाराम जी पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत हुआ। वहीं, बाबा कीनाराम मठ में चार द्वार के कुओं पर स्नान करने व पानी पीने वालों की भीड़ लगी रही। ऐसी मान्यता है कि इस कुएं पर स्नान करने व पानी पीने से रोग दूर होते है। इसे खुद ही बाबा कीनाराम ने अपने हांथ से निर्मित किया है। इसमें बाबा कीनाराम कुंए से निकले तो वाराणसी क्री कुंड पर निकला है।

**लोगों का स्वास्थ्य कैम्प में हुआ उपचार :** रामगढ़ मठ में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. रितेश कुमार द्वारा मठ में आये लोगो का शिविर लगाकर जांच किया। वहीं, दवा का वितरण भी किया। साथ ही, रामगढ़ स्थित बाबा कीनाराम मठ में 424वें जन्मोत्सव पर गणमान्य लोगों डॉ. राजकुमार सिंह, अभिनव अरुण, अशोक सिंह, शिवकुमार पराग, शिव कुमार मिश्र ने अपना विचार व्यक्त किया। बाबा कीनाराम के जीवन पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रधान व्यवस्थापक अरुण सिंह, व्यवस्थापक मेजर अशोक सिंह, डॉ. राजेन्द्र प्रताप सिंह, पंकज पाण्डेय, समित सिंह, सूर्यनाथ सिंह, कुलदीप वर्मा, जयप्रकाश पाण्डेय, सन्तोष सिंह, आदि लोग उपस्थित थे। संचालन राजेन्द्र पाण्डेय ने किया।

# बेसो नदी में मछली मारने के दौरान नदी में डूबा युवक, नहीं मिला सुराग

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

जनपद के नोनहरा थाने के फत्तेहपुर अटवा गांव के दक्षिणी छोर पर स्थित बेसो नदी में मछली मारते वक्त पैर फिसलने से एक युवक गहरे पानी में डूब गया। घटना के बाद नदी तट पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। काफी प्रयास के बाद भी युवक का कुछ पता नहीं चल सका है। फत्तेहपुर अटवा गांव निवासी जमशेद (28) गांव के कुछ लोगों के साथ बेसो नदी के किनारे बैठकर बंशी से मछली मार रहा था। इस दौरान बंशी में बड़ी मछली फंस गई और बंशी को पानी में खींचकर अंदर



लेकर चली गई। यह देख युवक बंशी को निकलने के लिए पानी में उतर गया और इसी दौरान गहरे पानी में जाने से डूबने लगा।

इस बीच वहां मौजूद मछली मार रहे अन्य ग्रामीण शोर मचाने लगे। आवाज सुनकर जब-तक ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचते युवक पानी में समा गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश की गई, लेकिन देर शाम तक उसका पता नहीं चल सका। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मोबिज ने बताया कि इसकी सूचना मुकामी पुलिस को दी गई थी, लेकिन सिर्फ डायल 112 की टीम पहुंची और खानापूर्ति करके चली गई। इसके बाद कठवामोड़ चौकी प्रभारी इलाके के गोताखोरों के साथ पहुंचे और संसाधन का अभाव बताकर वापस हो गए। थानाध्यक्ष का लोग इंतजार करते रहे, लेकिन किसी कारणवश घटना स्थल पर नहीं पहुंचे। फिलहाल ग्रामीणों द्वारा युवक की तलाश की जा रही है। युवक दुबई रहकर काम करता था, तीन माह पूर्व घर आया था।

## जनपद के चिकित्सा व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो सपा करेगी आंदोलन

**चंदौली।** सपा नेता व नियमताबाद के पूर्व ब्लाक बाबूलाल यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल बृह.स्पतिवार को सीएमओ कार्यालय पहुंचा। जहां प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने सीएमओ डॉक्टर यूके राय से बबुरी और अकौनी के अर्ध निर्मित चिकित्सा भवन की समस्या को रखा और इसे पूर्ण कर स्वास्थ्य सेवाएं चालू करने के लिए पत्रक सौंपा।

इस दौरान पूर्व प्रमुख बाबूलाल यादव ने कहा कि नियमताबाद विकासखंड एकौनी और सदर विकासखंड के बबुरी में अर्ध निर्मित प्राथमिक चिकित्सा केंद्र बनाया गया है लेकिन आज तक उसे पूरा नहीं किया गया। उक्त दोनों केदो पर अगर चिकित्सा केंद्र बनाकर चिकित्सकों की व्यवस्था



कर दी जाए तो इससे उक्त गांव में नहीं कई गांव के लोग लाभान्वित होंगे । इसे तत्काल निर्माण करा कर चिकित्सकों की व्यवस्था अगर नहीं की गई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन के लिए बाध्य होगी। इसके लिए शासन और प्रशासन दोनों जिम्मेदार होगा। जनता की समस्याओं को लेकर सपा संघर्ष करने में पीछे नहीं हटती है। इस दौरान अमित सिंह, आशुतोष कुमार यादव,प्रेम तिवारी, कमलेश यादव व तेजबली उपस्थित रहे।

## गंगा पूजन-अर्चन कर कटान मुक्ति संपर्क यात्रा शुभारंभ, पूर्व विधायक ने ग्रामीणों से किया संवाद

# किसी संकल्प को लेकर आगे बढ़ना मुश्किल: मनोज सिंह

**केटी न्यूज/चंदौली**

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत सपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव और पूर्व विधायक मनोज सिंह डबलू ने महूजी गंगा तट पर पूजन अर्चन कर गंगा कटान मुक्ति सम्पर्क यात्रा का आगाज किया। महूजी से जैसे जैसे पदयात्रा आगे बढ़ी, क्षेत्रीय लोगों का कारवां जुड़ता गया। यात्रा जगह जगह गांवों में रुक कर ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया गंगा कटान से जुड़ी उनकी समस्याओं को जाना।

साथ ही उनके गांव और इलाके में कटान से मुक्ति दिलाने के लिए उनके सुझावों को भी सुना और उसे संग्रहित किया। कहा कि यात्रा के दौरान गांव स्तर पर गंगा कटान से हुई क्षति और उसके निस्तारण के



लिए ग्रामीणों द्वारा दिये गए सुझावों को डीएम और एसडीएम के जरिये शासन तक पहुंचाया जाएगा। इस दौरान मनोज सिंह डबलू ने डबल इंजन की भाजपा सरकार के साथ दो दो बार विधायक, सांसद और मंत्री बने भाजपा नेताओं को भी आड़े हाथ लिया।

इस दौरान मनोज सिंह डबलू ने कहा कि बात करना आसान है, लेकिन किसी संकल्प को लेकर आगे बढ़ना मुश्किल है। कहा कि विधायक रहते हुए कैनाल बनाया, नहरों का पक्कीकरण कराया और कैनलों की क्षमता बृध्दि कराइ। लेकिन भाजपा के लोग किसान हित और जनहित में भाजपा ने ऐसा कोई काम नहीं किया। भाजपा के लोग काम करने की बजाय बड़ी बड़ी बातें करते हैं। डबल इंजन की सरकार में दो दो बार विधायक और संसद रहे भाजपा के नेता एक नही कैनाल नहीं लगा पाए और ना ही पावर हाउस की स्थापना ही करा पाए। बताया कि रैथा में फायर स्टेशन बनाने का काम किया। लेकिन भाजपा कर लोग चंदौली जिला मुख्यालय पर फायर स्टेशन तक नहीं बनवा पाए। जनता को इनके झूठ और वास्तविक सच को समझना होगा। कहा कि जब विधायक था तो 2 पावर हाउस थे लेकिन मेरे द्वारा 16 पावर बनवाने का काम किया। क्षेत्र की जनता और नौजवान के लिए मेडिकल कालेज की सौगात लेकर आया, लेकिन भाजपा के लोगों से उसे छिनने का काम किया है। गांव की जर्जर सड़कों को ठीक किया। भुपैली पम्प कैनाल को पक्का किया। जिससे किसानों के सिंचाई की समस्या काफी हद तक दूर हुई। कहा कि अपने आप को बड़ा विधायक कहने वाले विधायक शहीद को शहीद का दर्जा तक नहीं दिला पाए। यह उनके बड़े होने का प्रमाण हैं। कहा जनता की बात कहने और उसे उठाने के जुर्म में मेरी गाड़ियों की सीज कर थाने में बंद कर दिया गया है। यदि में आज आपके बीच खड़ा हूँ तो इसके पीछे आप सभी की ताकत, स्नेह और आशीष है। कहा कि वह कट्टा में विश्वास नहीं रखते, मेरा विश्वास गट्टे पर है जिसके दम पर जनहित के मुद्दे में लड़ा जा रहा है और शासन प्रशासन को आइना दिखाने का काम हो रहा है।

## एक नजर

### वैज्ञानिकों ने धान के सात प्रजातियों को परखा

**चंदौली।** अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान, वाराणसी के वैज्ञानिक डॉ. दिव्या गुप्ता व एग्रीकल्चर रिसर्च टेक्नीशियन रविन्द्र कुमार ने गुरुवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केन्द्र, चन्दौली पर पहुँचकर उनके सहयोग से लगे धान के प्रक्षेत्र परीक्षण की सात प्रजातियों उत्तर सोना, मालवीय मनीला सिंचित धान, मालवीय मनीला सूखा धान, सरजू-52, उत्तर लक्ष्मी, आईआर- 64 सब - 1 व एनडीआर- 2065 के परीक्षण का अवलोकन किया। केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष, डॉ. सत्यपाल सिंह ने कम बारिश के कारण किसानों को होने वाली परेशानी और फसल उत्पादन कम होने की सम्भावना पर विस्तृत चर्चा की। डॉ अभयदीप गौतम ने केन्द्र पर लगे धान की विभिन्न प्रजातियों के परीक्षण का अवलोकन कराया। भ्रमण के समय केन्द्र के वैज्ञानिक रितेश सिंह गंगवार, डॉ हनुमान पाण्डेय, डॉ प्रतीक सिंह, डॉ अमित सिंह व अविनाश वर्मा ने सहयोग किया।



### राष्ट्रीय सेवा रत्न से सम्मानित होंगे सतनाम सिंह

**चंदौली।** 21 सितंबर को अयोध्या हनुमानगढ़ी के सम्मान समारोह मेंनगर मुगलसराय के सोशल एक्टिविस्ट सतनाम सिंह राष्ट्रीय सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित होंगे। इसकी जानकारी रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन द्वारा पब्लिक इंटरेस्ट थिंकर्स असेंबली पिता टीम को प्राप्त हुई। भारत वर्ष से कुल 201 चयनित सामाजिक कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे, जिसमें उत्तर प्रदेश की सहभागिता जिलेवार होगी। इस चयन प्रक्रिया में उत्तर प्रदेश के समाजिक कार्यकताओं के प्रस्तावक संस्था मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति उत्तर प्रदेश ने जिला चंदौली से सतनाम सिंह का नाम चयन किया है। इस कार्यक्रम में अतिविशिष्ट अतिथियों के अलावा राज्यपाल उत्तरप्रदेश एवं उपमुख्यमंत्री माननीय बृजेश पाठक की भी उपस्थिति होगी। यह सम्मान उन प्रतिभागियों को दिया जाना है जिनमें सामाजिक विकास, सामाजिक चेतना और सामाजिक सेवा में विशिष्ट सहभागिता की लोकप्रियता के साथ जमीनी कार्य करते रहने की समाज सुधारक प्रवृति की विशिष्टता युक्त अपनी पहचान है। सिक्ख समाज से आने वाले सतनाम सिंह समाजसेवा, रक्तदान और समाजिक गतिविधि को जमीनी रूप में करने के लिए अपने नगर व जिले में काफी लोकप्रिय हैं। पिता नामक संस्था के अध्यक्ष के रूप में भी समाज में इनकी एक बड़ी सहभागिता हैं। चलो रक्तदान को संस्कार बनाये - रक्तदान कर अनेकों जीवन बचाएं के क्रांतिकारी मिशन प्रेरणा के साथ जरूरतमदों को रक्त उपलब्ध कराएं के ये अभियान प्रेरक भी हैं।



### देशभक्ति की अलख जगा रही भाजपा

**गाजीपुर।** मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत भाजपा जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं द्वारा देवकली ब्लाक के ग्राम पंचायत-धरी कला में घर-घर चल कर आंगन की मिट्टी तथा एक चुटकी चावल को संग्रहित किया गया। अभियान के प्रति जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में महिलाओं, बच्चों सहित समाज के हर वर्ग के लोग राष्ट्र भावना से प्रेरित होकर उत्साह से भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि आठ सितम्बर से 13 सितम्बर तक के इस विशेष अभियान में हर घर की मिट्टी संग्रहित किया जाना था, वह बृहस्पतिवार और कल शुक्रवार 15 सितंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है। ताकी जो घर और गांव इस संकलन से वंचित रह गए थे उनको पूर्ण किया जा सके। इस अवसर पर ग्राम पंचायत धारीकला में कलश यात्रा में उपस्थित लोगों में ग्राम प्रधान दलसिंगार राम ,सचिव चंदन जायसवाल,रोजगार सेवक प्रदीप कुमार, अच्छे लाल गुप्ता,सुरेश बिंद, मुरली कुशवाहा, पश्चमी मंडल अध्यक्ष गोपाल राय सहित सम्मानित ग्राम वासी एवं सहयोगी लालबहादुर, गोरखनाथ विश्वकर्मा, राजेश, अनीष सिंह, कुमार, विजय, राजेश, शुभम सिंह, कपटु एवं शशिकांत शर्मा सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।



### आगांती 5 से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**गाजीपुर।** टाउन नेशनल इंटर कालेज सैदपुर में 73वीं जनपद स्तरीय माध्यमिक विद्यालय खेल- कूद प्रतियोगिता तीन, चार और पांच अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। यह जानकारी विद्यालय के प्रधानाचार्य अनिल विश्वकर्मा व शारीरिक शिक्षक डॉ. रुद्रपाल यादव ने संयुक्त रुप से दी। आयोजकों ने बताया 1980 के बाद विद्यालय को दूसरी बार जनपद स्तरीय एथलेटिक्स खेल कराने की जिम्मेदारी दी गई है। प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए तैयारी जोर -शोर से चल रही है। यह प्रतियोगिता तीन वर्गों में होगी। जिसमें 14,16 व 19 वर्ष बालक/बालिका भाग लेंगे। एथलीट के पास जन्म प्रमाण पत्र पिछले कक्षा के मार्कशीट और प्रधानाचार्य/शारीरिक शिक्षक के द्वारा पूर्ण की गई पात्रता अवश्य होनी चाहिए। अन्यथा प्रतिभाग करने का मौका नहीं मिल पाएगा। इस प्रतियोगिता में दौड़ ,कूद और फेंकने वाले खेल आयोजित किए जाएंगे। एथलीट के प्रदर्शन के आधार पर उनका चयन मंडल के लिए किया जाएगा।

